दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



बेटियों के साथ भेदभाव के मुद्दे | काम के प्रति ईमानदार होने की जरूरत

वर्ष : 12 | अंक : 186 | लखनऊ, 30 जून, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### दो दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी द्रौपदी मुर्मू



**अमरावती।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 30 जून और 1 जुलाई को आंध्र प्रदेश में दो विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में शामिल होंगी। वे 30 जून को विशाखापत्तनम में केंद्रीय जनजातीय विवि के पहले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। 1 जुलाई को, वे अनंतपुर के केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

### केरल में भाजपा-कांग्रेस पार्षदों में जमकर हंगामा



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम नगर निगम में परिषद की बैठक के दौरान जमकर हंगामा और मारपीट हुई। वाझोट्टुकोनम वार्ड से भाजपा पार्षद सुगथन के इस्तीफे की मांग को लेकर एलडीएफ पार्षदों ने प्रदर्शन शुरू किया था। इसी दौरान भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच तीखी बहस हो गई, जिसने हाथापाई का रूप ले लिया।

### जयपुर में होटल की दीवार गिरी, 3 की मौत



**जयपुर।** जयपुर में होटल के निर्माणाधीन सीवरेज की दीवार अचानक गिर गई। वहां काम कर रही 2 महिलाओं सहित 3 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। 12 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। हादसा चंदवाजी थाना इलाके में जयपुर-दिल्ली हाईवे (एनएच-48) पर ताला मोड़ स्थित अरावली पैलेस होटल में सोमवार दोपहर 12:50 बजे हुआ।

### क्रैश हुआ प्रशिक्षु विमान महिला पायलट घायल



**कासगंज।** अलीगढ़ की धनीपुर हवाई पट्टी से प्रशिक्षण उड़ान पर निकला एक प्रशिक्षु विमान सोमवार शाम करीब चार बजे कासगंज पुलिस लाइन के पीछे तकनीकी खराबी आने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान उड़ा रही 27 वर्षीय प्रशिक्षु महिला पायलट कायनात खान गंभीर रूप से घायल हो गईं।

## तीन दशक से चल रहा विवाद समाप्त, राजस्थान को मिलेगा यमुना का पानी

# हरियाणा-राजस्थान के बीच जल समझौता गृहमंत्री शाह की मौजूदगी में एमओयू साइन

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सोमवार को हरियाणा और राजस्थान के बीच जल बंटवारे को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। दोनों राज्यों की सरकारों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, सीएम नायब सिंह सैनी और राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहे। समझौते के तहत मानसून के दौरान हरियाणा पाइप लाइन के जरिए राजस्थान को पानी भेजेगा। समझौते के तहत वर्ष 1994 में हुए अपर यमुना रिवर बोर्ड के जल बंटवारा समझौते के अनुसार राजस्थान को उसके हिस्से का पानी उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे लंबे समय से लंबित जल वितरण से जुड़े मुद्दों के समाधान की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

समझौते के तहत मानसून के दौरान हरियाणा पाइप लाइन के जरिए राजस्थान को पानी भेजेगा। समझौते के तहत वर्ष 1994 में हुए अपर यमुना रिवर बोर्ड के जल बंटवारा समझौते के अनुसार राजस्थान को उसके हिस्से का पानी उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हो गया है

*पेयजल उपलब्धता और सिंचाई क्षमता का मिलेगा लाभ*

*जुलाई से अक्टूबर तक पाइपलाइन के जरिए पानी मिलेगा*

### सहकारी संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण



अमित शाह उपस्थिति में सीएम नायब सैनी और सीएम भजनलाल ने किया एमओयू

अमित शाह ने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए सहकारी संघवाद के मंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। साथ ही यह समझौता इस बात का भी उदाहरण है कि अगर राज्य सहकारी संघवाद की सोच को आगे बढ़ाएं तो तीन दशक पुरानी समस्या भी सरलता से सुलझ सकती है।

### इन मुद्दों पर बनी सहमति

गृह मंत्री ने कहा कि इस समझौते के तहत जुलाई से अक्टूबर तक लगभग 580 एमसीएम पानी यमुना नहर से तीन भूमिगत पाइपलाइंस के जरिए राजस्थान तक पहुंचाया जाएगा। पाइप का व्यास 3.6 मीटर से भी अधिक है जिनके माध्यम से राजस्थान और हरियाणा राज्यों के लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था होगी। यह समझौता दोनों राज्यों के लिए 'लाभदायक स्थिति' का अच्छा उदाहरण है। समझौते में वित्तीय जिम्मेदारी, लागत साझीकरण, जल आवंटन और जल छोड़ने के प्रोटोकॉल और रखरखाव का बारीकी से ध्यान रखा गया है।

### वैज्ञानिक रूप से परिपूर्ण है समझौता

शाह ने कहा कि इस वैज्ञानिक रूप से परिपूर्ण समझौते में बुनियादी ढांचे का संचालन, रखरखाव, निगरानी तंत्र, पारदर्शिता के उपायों और विवाद समाधान की प्रक्रिया को भी बहुत बढ़िया तरीके से समाहित किया गया है। हरियाणा, राजस्थान और विशेषकर केंद्रीय जल आयोग ने जो प्रारूप बनाया है वह दशकों तक विवादहीन समझौते के रूप में स्थापित रहेगा।

### कई बांध परियोजनाओं के काम में तेजी आएगी

इसके बाद रेणुका डैम, किशाऊ डैम और लखवार डैम जैसी बहुप्रतीक्षित बांध परियोजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में भी तेजी आने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से पेयजल उपलब्धता, सिंचाई क्षमता और जल संरक्षण को बड़ा लाभ मिलेगा। इससे जल के बेहतर प्रबंधन और जल सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।



### इनेलो ने किया कड़ा विरोध

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व वित्त मंत्री प्रो. संपत सिंह ने हरियाणा और राजस्थान के बीच हुए जल समझौते का कड़ा विरोध किया है। संपत सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के जल अधिकारों पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने हरियाणा के हितों की अनदेखी करते हुए राजस्थान के साथ समझौता किया है, जबकि एसवाईएल नहर का निर्माण आज भी अधूरा है और राज्य लगातार जल संकट का सामना कर रहा है। सिंह ने कहा कि हरियाणा के गठन के बाद राज्य को यमुना जल पर वैधानिक अधिकार मिला था, लेकिन 1994 के समझौते में हरियाणा की हिस्सेदारी घटा दी गई।

## गुंडा तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

# प. बंगाल लोक सुरक्षा विधेयक विस में 176 मतों से पारित हुआ

### बिना मुकदमे 12 माह तक हिरासत में रख सकेंगे

- आदतन अपराधी और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला अब गुंडा



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल लोक सुरक्षा एवं असामाजिक गतिविधि नियंत्रण विधेयक, 2026 सोमवार को विधानसभा में पारित हो गया। असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बिना मुकदमे के 12 महीने तक एहतियाती हिरासत में रखने का प्रस्ताव करने वाला यह विधेयक सदन में पेश किया गया, जिसे 41 के मुकाबले 176 मतों से पारित कर दिया गया। बंगाल के बागी सांसदों ने भी नए विधेयक का समर्थन किया है। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने सदन में कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य दंगों और अन्य तरह की हिंसा की रोकथाम करना है।

### मौजूदा कानून पर्याप्त नहीं था

सीएम अधिकारी ने कहा कि मौजूदा कानून राज्य में असामाजिक तत्वों और दंगाइयों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए सरकार ने गुंडा तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए नया बिल लाने का फैसला किया था। इस विधेयक के तहत अवैध खनन, रेत खनन और वन्यजीवों से जुड़े अपराध भी शामिल किए जाएंगे। राज्य सरकार ने कहा है कि कोई आदतन अपराधी है और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है तो उसे गुंडा माना जाएगा। नए विधेयक से पुलिस को ज्यादा पॉवर मिलेगी। एसपी रैंक या उससे ऊपर के अधिकारी की रिपोर्ट पर किसी व्यक्ति को हिरासत में लिया जा सकेगा। इतना ही नहीं पुलिस किसी व्यक्ति को अगर जन सुरक्षा के लिए खतरनाक मानती है तो उसे बिना मुकदमे के एक साल तक हिरासत में रखा जा सकेगा।

### तृणमूल फंड विवाद में होगी जल्द सुनवाई

तृणमूल कांग्रेस पार्टी के तीन बैंक खातों में जमा करीब 440 करोड़ रुपए के संचालन और उस पर अधिकार को लेकर पैदा हुए विवाद ने अब कानूनी रूप ले लिया है। ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और तत्काल सुनवाई की मांग की है। सोमवार को मामले का उल्लेख न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की अदालत में किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। अदालत ने कहा कि मामले में पुलिस, संबंधित बैंक और राज्य सरकार सहित सभी पक्षों को पहले नोटिस देना जरूरी है। इसके बाद ही सुनवाई की तारीख तय की जाएगी। अदालत ने संकेत दिया कि नोटिस की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार को मामले पर विचार किया जा सकता है।

## दिल्ली में नई ईवी पॉलिसी को मंजूरी

# एक जुलाई से होगी लागू, जनता को 15 हजार करोड़ रु. का लाभ

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



दिल्ली सरकार ने नई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पॉलिसी को मंजूरी दे दी। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल की संस्तुति के बाद यह नीति एक जुलाई से लागू होगी और 31 अगस्त 2031 तक प्रभावी रहेगी। नई ईवी पॉलिसी से आम लोगों को करीब 15 हजार करोड़ रुपए का लाभ मिलने का अनुमान है। नई ईवी पॉलिसी में दोपहिया वाहन पर पहले वर्ष अधिकतम 30 हजार रुपए, इलेक्ट्रिक ऑटो पर 50 हजार रुपए और एन1 श्रेणी के इलेक्ट्रिक ट्रक पर पहले वर्ष एक लाख रुपए तक की खरीद सब्सिडी मिलेगी। निजी इलेक्ट्रिक कारों पर खरीद सब्सिडी नहीं होगी, लेकिन पुराने बीएस-4 या उससे नीचे के वाहन को स्क्रैप करने पर एक लाख रुपए तक का स्क्रैपिंग इंसेंटिव दिया जाएगा। 30 लाख रुपए तक की इलेक्ट्रिक कारों को रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी।

## असम में बाढ़ का भीषण कहर

# अमित शाह ने सीएम हिमंता को सहायता का दिया भरोसा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को फोन कर राज्य के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। शाह ने राज्य में नदियों का जलस्तर बढ़ने से हुए नुकसान और मौजूदा हालात, राहत और बचाव कार्यों की प्रगति के बारे में भी जानकारी हासिल की। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि गृह मंत्री ने हमें इस स्थिति से निपटने के लिए भारत सरकार की ओर से हरसंभव मदद और सहयोग का भरोसा दिया है। मैं गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने फोन कर धेमाजी में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। धेमाजी जिले के चार राजस्व सर्किलों के 69 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। यहां करीब 16,000 लोग प्रभावित हुए हैं।

## भगवान जगन्नाथ की 'स्नान यात्रा' में उमड़ी भीड़



**पुरी।** भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान का आयोजन सोमवार तड़के 12वीं शताब्दी के मंदिर परिसर में किया गया। इस दौरान देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर भगवान के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। स्नान यात्रा वार्षिक रथ यात्रा का पूर्व आयोजन मानी जाती है। इस अवसर पर भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को गर्भगृह से बाहर लाया जाता है और सार्वजनिक रूप से 108 कलशों के जल से पवित्र स्नान कराया जाता है। मंदिर परिसर में बने ऊंचे मंच पर आयोजित इस अनुष्ठान का दर्शन श्रद्धालु मंदिर के सामने स्थित भव्य मार्ग से करते हैं। इस वर्ष स्नान यात्रा की शुरुआत सुबह 5:15 बजे देवताओं की पारंपरिक 'पाहंडी' यानी शोभायात्रा के साथ हुई।

## अच्छी बारिश नहीं हुई तो हो सकती है पानी की कटौती

# मुंबई के जलाशयों का जलस्तर लगातार घटा, अब 7 प्रतिशत से भी कम भंडार

अमन लेखनी समाचार/मुंबई

मानसून के देर से पहुंचने के कारण मुंबई को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अनुसार, सोमवार तक इन सातों जलाशयों में कुल 1,00,279 मिलियन लीटर पानी मौजूद था, जो उनकी कुल भंडारण क्षमता का केवल 6.93 प्रतिशत है। इसके विपरीत, पिछले वर्ष इसी अवधि में इन जलाशयों में कुल क्षमता का 39.5 प्रतिशत यानी 5,71,670 मिलियन लीटर पानी था।



वैतरणा बांध — फाइल फोटो

### चाहिए प्रतिदिन 4,000 मिलियन लीटर पानी

मुंबई और उसके महानगरीय क्षेत्र को पेयजल उपलब्ध कराने वाली जलाशय प्रणाली में भातसा, अपर वैतरणा, मोडक सागर, तानसा, मध्य वैतरणा, तुलसी और विहार जलाशय शामिल हैं। इन सातों जलाशयों की कुल जल भंडारण क्षमता 14.47 लाख मिलियन लीटर है।

### भारी बारिश की संभावना

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मुंबई में भारी बारिश की संभावना के मद्देनजर 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। विभाग ने पालघर जिले में बहुत भारी बारिश और आंधी-तूफ़ान की चेतावनी देते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

## पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में कई चौंकाने वाले खुलासे

# केतन से शॉपिंग के लिए 1 करोड़ लेकर सिया ने चेतन को दिए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पुणे के हाईप्रोफाइल केतन अग्रवाल मर्डर केस में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि केतन की हत्या की आरोपी उसकी मंगेतर सिया ने हत्या से पहले केतन से 1 करोड़ रुपए लेकर अपने प्रेमी चेतन को दिए थे।

यह रकम शादी की शॉपिंग के नाम पर ऐंठी गई थी। जिसे उसने अपने प्रेमी चेतन को करियर और कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए दिए थे।

**सिया और चेतन ने मिलकर हत्या की पूरी योजना बनाई थी**

शक न हो इसलिए 3 साल तक शादी नहीं करने की भी योजना

### केतन संग बाली नहीं जाने के लिए सिया ने छिपाया था पासपोर्ट



सिया गोयल, केतन अग्रवाल (मृतक), चेतन चौधरी

मामले में कैब ड्राईवर वैभव जाधव ने बताया कि सिया प्री वेडिंग शूट के लिए बाली दौरे के लिए मुंबई एयरपोर्ट गई थी। इस दौरान सिया का व्यवहार सामान्य नहीं था। बाद में सिया ने केतन का पासपोर्ट छिपा लिया जिसके बाद बाली दौरा कैंसिल करना पड़ा था।

**चेतन की आर्थिक स्थिति ठीक होने का इंतजार था**

चेतन और सिया के बीच कथित तौर पर यह तय हुआ था कि केतन की हत्या के बाद, शक से बचने के लिए वह तीन साल तक शादी नहीं करेगी। जब चौधरी आर्थिक रूप से मजबूत हो जाते और मामला लोगों की नजर से हट जाता, तब वे शादी करने वाले थे।

### सिया का नीचे बैठना हत्या का सिग्नल

पुलिस के अनुसार, हत्या की प्लानिंग में यह भी शामिल था कि किले से धक्का देते समय सिया केतन की पहुंच से दूर रहे। दोनों ने तय किया था कि वह या तो पानी पीने के बहाने या जूते के फीते बांधने के बहाने नीचे बैठेंगी। सिग्नल जानबूझकर ऐसा चुना गया था ताकि धक्का देते समय सिया पीड़ित की पहुंच में न हों। उन्हें डर था कि अगर चेतन केतन को धक्का देता हैं और गिरते समय केतन सिया को पकड़ने की कोशिश करता।

# प्रदेश महासचिव अमरपाल सिंह की अगुवाई में तहसील पर गरजे सपाई

## तेरह सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा, महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं पर उठाई आवाज

**पूर्व विधायक अंबरीष पुष्कर ने किसानों के मुद्दों पर सरकार को घेरा**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।समाजवादी पार्टी विधानसभा मोहनलालगंज इकाई के तत्वावधान में सोमवार को तहसील मुख्यालय परिसर में प्रदेश महासचिव/विधायक प्रत्याशी कैंट विधानसभा अमरपाल सिंह व पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर के नेतृत्व व पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन श्रवण यादव की अध्यक्षता में विशाल एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया धरने में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, अधिवक्ता, व्यापारी एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए प्रदर्शन के उपरांत महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित तेरह सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव/विधायक प्रत्याशी कैंट विधानसभा अमरपाल सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल कानून व्यवस्था से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, बिजली और खाद की लगातार बढ़ती कीमतों ने गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह असफल साबित हुई । अमरपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया जबकि रोजगार के अवसर लगातार घटते जा रहे हैं। जिलापंचायत सदस्य अरुण यादव ने अपने संबोधन में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी प्रशासन जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय राजनीतिक दबाव में कार्य कर रहा ।

पूर्व विधायक अंबरीष पुष्कर ने अपने संबोधन में किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि किसान आज सबसे अधिक परेशान समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही सिंचाई की लागत लगातार बढ़ रही और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि सरकार किसान हितैषी होने का दावा तो करती लेकिन जमीनी स्तर पर किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा उन्होंने प्रदेश सरकार पर किसानों,



युवाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की समस्याओं की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाया। धरने के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने, जनसमस्याओं की अनदेखी करने तथा प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि आईजीआरएस एवं तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण नहीं हो रहा है, जिससे लोगों का प्रशासन से विश्वास उठता जा रहा अधिवक्ताओं के साथ थानों में सम्मानजनक व्यवहार न होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

### ज्ञापन की प्रमुख मांगें इस प्रकार रहीं—

महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए।

किसानों को समय पर सस्ती खाद एवं कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

बेरोजगारी दूर करने के लिए व्यापक रोजगार सृजन किया जाए।

प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर कठोर रोक लगाई जाए।

महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर कानून व्यवस्था में सुधार किया जाए।

पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाया जाए।

तालाबों के पट्टाधारकों को तत्काल कब्जा दिलाया जाए।

विद्यालयों के 200 मीटर के दायरे से शराब की दुकानें हटाई जाएं।

श्रीराम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण की सीबीआई जांच कराई जाए।

आईजीआरएस एवं तहसील दिवस की शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

थानों में अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित कराया जाए।

किसानों एवं आम जनता से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए।

जनहित से जुड़े सभी मुद्दों पर सरकार तत्काल प्रभावी कार्रवाई करे।

धरने के दौरान समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए जनसमस्याओं के समाधान की मांग की कार्यक्रम के अंत में उपजिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।इस अवसर पर मोहनलालगंज लोकसभा सांसद आरके चौधरी, पूर्व विधायक अंबरीष पुष्कर, प्रदेश महासचिव/विधायक प्रत्याशी कैंट विधानसभा अमरपाल सिंह, केपी सिंह (पूर्व अध्यक्ष, मोहनलालगंज बार एसोसिएशन), श्रवण यादव (पूर्व अध्यक्ष, बार एसोसिएशन), जय सिंह जयंत (जिलाध्यक्ष), रामकिशोर यादव (पूर्व विधायक, सरोजनीनगर), रामलखन यादव (महामंत्री, बार एसोसिएशन), दल्लू सिंह, अमरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, अरुण यादव (जिला पंचायत सदस्य), हरिशंकर रावत, सुलेमान खान, पप्पू रावत सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अधिवक्ता, किसान एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## भाई की मौत के सात दिन बाद छात्रा ने की खुदकुशी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। काकोरी इलाके में भाई की मौत से आहत छात्रा ने सात दिन बाद खुदकुशी कर ली। युवती ने दूसरे कमरे में खड़ी बाइक पर चढ़कर पंखे के कुंडे से साड़ी के सहारे फंदे से लटकी थी। परिजनों ने शव को फंदे से उतारा। तबतक उसकी सांसे थम चुकी थी। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। मंडौली निवासी शिवमंगल गौतम ने बताया कि 22 जून को बड़े बेटा हिमालय की हादसे में मौत हो गई थी। तब से छोटी बेटी रागिनी (19) परेशान रहती थी। वह गांव के स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा थी। सोमवार दोपहर रागिनी ने कमरे में खड़ी बाइक पर चढ़कर छत पर लगे पंखे के कुंडे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। जब कुछ देर बाद उसकी मां कमरे में गई तो बेटी को फंदे से लटका देखा और चीख पड़ी। परिजनों ने रागिनी को फौरन फंदे से नीचे उतारा। तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि परिजन छात्र का पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं थे।

## लखनऊ के विकासनगर में फुटवियर शॉप तो चिनहट में एक पेंट हाउस में लगी आग

अमन लेखनी समाचार


लखनऊ। शहर में लगातार हो रहीं आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलीगंज में भीषण अग्निकांड में 15 लोगों की जान चली गई। अभी इस मामले में आंच ठंडी भी नहीं हुई थी एक सप्ताह बाद सोमवार सुबह विकास नगर में फुटवियर दुकान में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर करीब आधे घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। जांच में दुकान के अंदर लगे एसी में शार्ट सर्किट व कम्प्रेशर फटने से आग लगने की बात सामने आई है।

### एसी का कंप्रेशर फटने से भड़की आग

थाना प्रभारी विकास नगर आलोक सिंह ने बताया कि कुर्सी रोड के महावीर इंटर कॉलेज के सामने बनी मार्केट के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर मिस्टर फंकी शूज नाम से फुटवियर शॉप है। इसके मालिक मोहम्मद समीर और मोहम्मद हसीन हैं। दुकानों के पीछे कई मकान भी हैं। सुबह करीब 11:58 बजे सूचना मिली कि दुकान में आग लगी है। सूचना फायर कंट्रोल रूम पर भी दी गई थी। मौके पर इंदिरानगर फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर पहुंचीं। फायर टीम पहुंची तो दुकान के अंदर भीषण आग लगी थी और लपटें धुएं के साथ बाहर निकल रही थी। आसपास कई लोग मौके पर जमा होकर वीडियो बनाने लगे। इसी बीच एसी का कंप्रेशर फटने से आग और भड़क उठी।

### दो दर्जन मकान व दुकान कराई गई खाली

आग भड़ने पर दोनों फायर टेंडर से फायर कर्मियों ने हौज पाइप की मदद से आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग बढ़ती देख हजरतगंज, बीकेटी और चौक फायर स्टेशन से भी एक-एक गाड़ी बुलवाई गई। एहतियात के तौर पर पुलिस ने आसपास के लगभग दो दर्जन मकान और दुकानों को खाली करा लिया। इनमें रखे एलपीजी सिलेंडर भी फायर टीम ने बाहर निकलवाए। फर्स्ट फ्लोर तल की दुकान के बगल में सीढ़ी लगाकर हौज पाइप की मदद से पानी डालकर आग बुझाई गई। फायर टीम ने अभियान चलाकर आधे घंटे की



मशक्कत से आग पर काबू पा लिया। सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि शुरूआती जांच में एसी में शार्ट सर्किट से आग लगने और कंप्रेशर फंटने की बात सामने आई है।

### शराब पार्टी के दौरान एसी खुला छोडने पर हुआ शार्ट सर्किट

चिनहट के अयोध्या रोड स्थित एक्यूएस हाइट्स अपार्टमेंट के पेंट हाउस में सोमवार सुबह आग लग गई। आग लगने से पेंट हाउस पूरी तरह से जलकर राख हो गया। फायर टीम ने पहुंचकर आग बुझाई। आग बुझाने के दौरान फायर कर्मियों को पता चला कि पेंट हाउस में शराब पार्टी के बाद कुछ लोग एसी खुला छोड़कर चले गए थे, जिसकी वजह से शार्ट सर्किट होने के बाद आग लगी। सोसाइटी और न्यू नंदी विहार कॉलोनी के लोगों ने सीएम को पत्र भेजकर शिकायत पहले कंप्लेन भी की थी, लेकिन चिनहट पुलिस, एलडीए और नगर निगम की ओर से किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### आए दिन होती थीं पेंट हाउस में शराब पार्टियां

एफएसओ गोमती नगर मामचंद्र बड़गूजर ने बताया कि चिनहट में एक्यूएस अपार्टमेंट के पांचवीं मंजिल पर कारोबारी तौकीर अहमद अपने पेंट हाउस में स्काई स्यूट व एसकेयू स्यूट पेंटहाउस विद प्राइवेट पूल एंड सिटी व्यू नाम से अवैध होम स्टे चलाते हैं। सोमवार सुबह करीब आठ बजे उनके पेंट हाउस से आग की लपटें, धुआं निकलते देख लोगों ने शोर मचाया। वहां अफरा-तफरी मच गई। अन्य लोग अपने फ्लैटों से बाहर निकल आए। सूचना पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझा ली गई। पेंट हाउस के एक कमरे से शराब की बोतलें, खाने पीने का सामान टेबल पर पड़ा था। पेंट हाउस का सारा सामान जलकर खाक हो गया है। चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि पेंट हाउस में रविवार रात शराब पार्टी हुई थी। शराब पार्टी करने वाले फ्लैट पर एसी खुला छोड़ गए थे, जिसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।


### स्थानीय लोगों ने सीएम को पत्र लिखकर की थी शिकायत

कारोबारी तौकीर अहमद के इस पेंट हाउस में आए दिन देर रात तक चलने वाली पार्टियां होती थी। अय्याशी का आलम यह था कि यहां लड़कियां आती। रोजाना देर रात तक शोर शराबा और हंगामा होता था। सोसाइटी और बगल की कॉलोनी के लोग सो तक नहीं पाते हैं। यही वजह थी कि सोसाइटी के अलावा बगल की न्यू नंदी विहार कॉलोनी के लोगों ने 17 मई और सामूहिक रूप से 24 मई को सीएम को पत्र भेजकर शिकायत की थी। शिकायत में यह भी था कि पार्टी में आने वाले लोग तेज रफ्तार में महंगी गाड़ियों चलाकर निकालते थे। कुछ दिन पहले ही एक दो साल का बच्चा गाड़ी की चपेट में आ गया था, जिससे उसका पैर टूट गया था।

## आम के बाग से लाखों के आम तोड़कर चोर फरार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाग मालिक ने अपने आम के बाग से करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के आम चोरी होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के कसमण्डी खुर्द गांव निवासी कुंवर बहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पुश्तैनी आम का बाग माल रोड स्थित छपरतला कीर्ति पेट्रोल पंप के पास है। उनका आरोप है कि रविवार रात पड़ोसी बागवानों ने अपने कुछ मजदूरों के साथ मिलकर उनके बाग से आम तोड़ लिए। सोमवार सुबह जब वह बाग पहुंचे तो करीब 15 पेड़ों से गोल्डन बैंगन (गोल्डन बेगिंग) प्रजाति के लगभग 50 कैरेट आम गायब मिले। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए आम की बाजार कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। घटना की जानकारी उन्होंने तत्काल डायल-112 पर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। कुंवर बहादुर ने मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर कुछ



पेड़ से आम तोड़कर चोरी

लोगों पर चोरी का संदेह जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर मिली हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संगीत, प्रेम और भाईचारा ही दुनिया की सबसे बड़ी ताकत

- दो दिवसीय उल्लास बाल पर्व में आज का आकर्षण बनेगा गोपाल से जगत पाल तक और एक सपना

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** यायावर रंगमंडल और संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से दो दिवसीय उल्लास बाल पर्व 2026 का आयोजन 29 और 30 जून को राय उमानाथ बली में किया जा रहा है। यह एक बड़ी उपलब्धि है कि बाल मनोविज्ञान का अनुसरण करते हुए पूरी तरह से बाल रंगकर्म को समर्पित उल्लास बाल पर्व का यह 32वां आयोजन है।

इस पर्व की पहली संध्या, सोमवार 29 जून को इंदिरा नगर स्थित के.के. अकादमी, के बच्चों द्वारा तैयार नाटक गुपी गाइन बाघा बाइन का प्रभावी मंचन पुनीत मित्तल के निर्देशन में किया गया। सत्यजीत रे के प्रसिद्ध रूपांतरण से प्रेरित इसकी मूल कथा उपेन्द्र किशोर रे चौधरी की है जबकि इसका हिन्दी नाट्य रूपांतरण आद्या घोषाल ने किया है वहीं इसकी अवधारणा लक्ष्मी कौल की है। इस नाटक ने संदेश दिया कि संगीत, प्रेम और भाईचारा ही दुनिया की सबसे बड़ी ताकत हैं। युद्ध और हिंसा व्यर्थ हैं। मंचित नाटक के दिलचस्प कथानक के अनुसार गूपी एक साधारण गाँव का लड़का होता है जिसे गाना



बहुत पसंद है, लेकिन उसकी आवाज इतनी बेसुरी होती है कि राजा उसे राज्य से निकाल देता है। दूसरी ओर, बाघा ढोल बजाने का शौकीन है, लेकिन उसकी ढोलक भी लोगों को पसंद नहीं आती है।

इसलिए उसे भी उसके गाँव से निकाल दिया जाता है। दोनों की मुलाकात जंगल में होती है। एक रात वे साथ मिलकर गाना-बजाना शुरू करते हैं। उनकी मासूमियत और संगीत से प्रसन्न होकर भूतों के राजा उन्हें तीन जादुई वरदान देते हैं। पहला वरदान होता है कि जब चाहें वे स्वादिष्ट भोजन और कपड़े पा सकते हैं। दूसरा, जादुई जूतों की मदद से कहीं भी तुरंत पहुँच सकते हैं और तीसरा वरदान था कि उनके संगीत को सुनकर कोई भी व्यक्ति मंत्रमुग्ध होकर हिल नहीं सकेगा। इन वरदानों की मदद से गूपी और बाघा, शुंडी राज्य पहुँचते हैं, जहाँ वे राजगायक बन जाते हैं। बाद में उन्हें पता चलता है कि पड़ोसी हल्ला राज्य का राजा छल और षड्यंत्र के कारण युद्ध करने वाला है। गूपी और बाघा अपने संगीत, बुद्धिमानी और जादुई शक्तियों का उपयोग करके युद्ध को रोकते हैं, दोनों राज्यों में शांति स्थापित करते हैं और अंत में दोनों राजकुमारियों से उनका विवाह हो जाता है।

मंच पर हिमांशु गुप्ता ने कथावाचक, नवनीत ने गुपि गाइन, अनिमेश कुमार ने बाघा बाइन, दीपांशु गुप्ता ने प्रहरी, सृष्टि ने भूतों की रानी, मनीष ने शुंडी के राजा, अवियोम सुंदर ने आमलोकी एवं हल्ला के राजा, मोहम्मद अमीन ने बफी, अभिषेक कश्यप ने महामंत्री, हर्षवर्धन-अभिज्ञान ने राहु-केतु, प्रांजल मिश्रा-आराधिका सिंह ने राजकुमारी मणिमाला एवं मुक्तामाला की भूमिका बखूबी अदा की। नृत्य दल में आध्या वर्मा, सनाया फातिमा, हर्ष सिंह, वान्या शर्मा, मान्या, दृष्टि सिंह, नुसरत, अभिश्री, सान्वी और गाँव वालों में आराधिका सिंह, विजय यादव, अभिषेक कश्यप, हरीश, आन्या शामिल रहीं। इसके साथ ही भूत के दल में अंश, अरसलान गुजर, अब्दुल रहमान, अनंत, प्रियांशु और कलाकारों के दल में विजय यादव, हरीश, आराधिका सिंह, दृष्टि सिंह, मान्या, सनाया फातिमा ने अभिनय किया। योद्धाओं के समूह में सृष्टि, वीरा सिंह, आदित्य, मेहक, अंकिता शामिल रहीं। इन सब ने दर्शकों की तालियां अर्जित की। मंच पार्श्व में प्रकाश परिकल्पना एवं संचालन का दायित्व, मोहम्मद हफीज, संगीत संचालन एवं संकलन का वंशिका शर्मा, वेशभूषा का हर्षिता बंसल, प्रॉप्स निर्माण का हर्षिता बंसल एवं आनंद यादव, सहायक का प्रांजल मिश्रा, मंच व्यवस्था का विनय गुज्जर एवं सुश्रुत गुप्ता, जनसंपर्क का कीर्ति प्रकाश एवं पुष्पलता मित्तल, छायांकन का सरबजीत एवं अभिषेक, रूप-सज्जा का मनोज वर्मा, मंच संचालन का नवल शुक्ला ने, प्रभावी रूप में निभाया।

## अनेक विभूतियां उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में आज शाम बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह गोमती नगर लखनऊ में स्वर कोकिला लता मंगेशकर एवं स्व.आशा भोसले की स्मृति में आयोजित ' तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे-5 ' कार्यक्रम में अनेक विभूतियां उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित हुईं।

समारोह में मुख्य अतिथि नम्रता पाठक और सरिता सिंह ने पद्मश्री डॉ.एस.एन.कुरील, बिपिन कुमार ( निर्देशक भारतेंदु नाट्य अकादमी), मुक्ता चटर्जी, डॉ.मालविका हरिओम (गायिका), पं.रविनाथ मिश्रा (तबला



वादक) और डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव (कथक गुरु) को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर पांचवें उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया। इसके पूर्व स्वर कोकिला लता मंगेशकर एवं स्व.आशा भोसले के गाए गीतों पर कलाकारों ने नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर कलाप्रेमी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान, पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, उस्ताद युगान्तर सिंदूर, प्रभुनाथ राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप और धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र यादव ने दिया।

## आवारा कुत्तों के झुंड ने बछड़े को नोच नोच कर उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार देर रात बागों के किनारे घूम रहे आवारा बछड़े को वहां पहले से बैठे कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में बछड़े को बुरी तरह से नोच डाला जिससे उसकी मौत हो गई। रहीमाबाद के ग्राम भतोइया में बाजार के किनारे स्थित द्वारिका शिक्षण संस्थान स्कूल के पास बागों की ओर आवारा बछड़ा इधर-उधर घूम रहा था तभी वहां झुंड में मौजूद एक दर्जन कुत्तों ने उस पर हमला बोल दिया। और उसको नोच नोच कर मौत के घाट उतार दिया। सोमवार सुबह राहुल सिंह अपने बाग की ओर गए थे। तभी देखा कि एक आवारा बछड़ा खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। वहीं कुछ कुत्ते उसके शरीर के कुछ हिस्से को नोच रहे थे। स्कूल प्रबंधक आदर्श सिंह और राहुल सिंह ने बताया कि यहां कुत्तों का झुंड बागों के किनारे सक्रिय रहता है। जो आए दिन किसी जंगली जानवर समेत राहगीरों पर हमला करता है।



मृत अवस्था में पड़ा बछड़ा फोटो

इससे पूर्व भी आवारा कुत्तों के एक झुंड ने तरौना निवासी मनीष सोनवानी की मासूम पुत्री अनन्या साढ़े 3 वर्ष को नोच नोच कर मौत के घाट उतार दिया था। जिसके बाद 16 जून को बाजार जा रहे गुलाल खेड़ा निवासी अवधेश के दो बकरों और राजू, राकेश के एक एक बकरों को बुरी तरह से नोचकर घायल कर दिया था। आए दिन हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## आदि गंगा मां गोमती की महाआरती में उमड़ा जन सैलाब



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी के झूलेलाल वाटिका स्थित गोमती तट पर सोमवार को 'सनातन महासभा' द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर 153वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती एवं सनातन समागम का भव्य आयोजन सोमवार को किया गया। भक्ति, शक्ति और सामाजिक संकल्प के इस अनूठे संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने मां गोमती की आराधना की। स्वामी आनंद नारायण के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत सात भव्य मंचों से एक साथ हुए शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ हुई। सात आचार्यों द्वारा मां गोमती की विधि-विधान से उतारी गई महाआरती ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आरती के पश्चात जब 501 दीप एक साथ प्रज्वलित किए गए, तो गोमती तट की आभा देखते ही बनी और वहां दीपावली जैसा जीवंत दृश्य उपस्थित हो गया। महाआरती से पूर्व विश्व नशा निषेध सप्ताह की पर नशा मुक्त संकल्प का आयोजन किया गया। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने इस अवसर पर युवाओं को नशा मुक्त प्रदेश' की शपथ दिलाई और निर्णय लिया गया कि थाना स्तर पर नशीले पदार्थों की बिक्री की रिपोर्ट मुख्यमंत्री जी और मानवाधिकार आयोग को सौंपी जाएगी उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति जोड़ने का कार्य करती है, इसीलिए आज यज्ञ कुंड के माध्यम से नशा मुक्त प्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया गया है और सरकार से मांग है कि धार्मिक स्थलों व शिक्षा केंद्रों के आस पास से पान/शराब की दुकान हटाई जाए और बच्चों ने तंबाकू मुक्त प्रदेश विषयक निबंध/चित्रकला/स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में धर्म विस्तार और सामाजिक सेवा के संकल्प के साथ पदाधिकारियों को गंगाजल और कृपाण भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कथक नृत्य की प्रस्तुति शुभम के साथ भजन गायिका शशि गुप्ता, मीरा तिवारी और गीता निगम के सुमधुर भजनों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट दीपक सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू, उमेश त्रिपाठी, सुधांशु शुक्ल, पल्लवी सिंह, संजीव पांडेय, राकेश अग्रवाल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, सुनीता गोस्वामी, अतुल तिवारी, रेनू शर्मा, तेजस्वी गोस्वामी और शक्ति सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डॉ. विवेक कुमार और दिनेश दाहिर को सृजन सम्मान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यूपी प्रेस क्लब और उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से 170वां सृजन सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यहां साहित्यकार दिनेश दाहिर आजमगढ़ी को सृजन सम्मान और वरिष्ठ डर्मेटोलॉजिस्ट व समाजसेवी डॉ. विवेक कुमार को सृजन प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गिरधर खरे, अध्यक्ष सच्चिदानंद शलभ, हसीब सिद्दीकी, स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना और सुभाष गुरुदेव ने दोनों सम्मानित व्यक्तियों को शॉल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. विवेक कुमार को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान दिया गया। वह प्रतिदिन करीब 30 कुष्ठ रोगियों और निर्धन त्वचा रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हैं। सुबह से दोपहर तक उनका समय समाजसेवा के लिए समर्पित रहता है। समारोह के दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा श्री की वाणी वंदना से हुआ। योगी योगेश शुक्ल और सुभाष रसिया के संयुक्त संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन में अनिता अरोरा, कामिनी श्रीवास्तव, विनोद शुक्ल ह्यविनोदह्ल, विजय अग्रहरि, डॉ. रुद्रमणि, रश्मि शरद, मनोरमा श्रीवास्तव, मनमोहन बाराकोटी, प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, शालिनी राय, पूर्णिमा भसीन, दीपिका, डॉ. संदीप शर्मा और अनुराग मिश्रा सहित कई कवियों ने काव्य पाठ किया।

## संक्षेप

### युवक के साथ युवती हुई लापता पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत पुत्री को भगा लिए जाने से आहत पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गाँव से पिता ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री को भावेश उर्फ पतानू पुत्र अज्ञात ग्राम परसण्डा पश्चिम टोला थाना बिहार बहला फुसला कर अपने माया जाल में फँसा कर शुक्रवार को भगा ले गया है। वह साथ में 100 ग्राम चाँदी की तोड़िया टप सोने के ढाई ग्राम, ढाई ग्राम सोने का लाकेट, आदि ले गयी। काफी खोज बीन के बाद भी उसका कही पता नही चल सका। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लड़की की खोजबीन की जा रही है।

### मार्ग दुर्घटना में पति पत्नी समेत तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत हुलासी कुआं तकिया सड़क मार्ग पर हुई एक मार्ग दुर्घटना में पति पत्नी सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजन गम्भीर हालत में लखनऊ उपचार के लिए ले गए जहां उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है। क्षेत्र के पट्टी उस्मान गाँव निवासी गुड्डू अपनी पत्नी जन्नतुन के साथ ई रिक्शा से तकिया की तरफ किसी काम से जा रहे थे तभी पट्टी हमीद निवासी राजू बाइक से घर वापस जा रहा था। इस बीच राजू की बाइक तेज रफ्तार में ई रिक्शा से टकरा गई। दोनों वाहनों के टकराने से गुड्डू पति पत्नी और बाइक सवार राजू गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना और चोटों की गंभीरता को देखते हुए दोनों के परिजन घायलों को लेकर लखनऊ इलाज के लिए ले गए हैं।

### बाइक की दुकान में लगी संदिग्ध आग, छह बाइक समेत लाखों का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के बंदी पुरवा मोड स्थित रविवार रात एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग से दुकान पर बनने के लिए खड़ी छह बाइक और मरम्मत का सामान जल गया। अचलगंज थाने के बंदीपुरवा निवासी अमित निषाद चौराहे पर बाइक मरम्मत की दुकान चलाता है। रविवार देर रात अचानक दुकान में संदिग्ध अवस्था मेंआग लग गई। आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दुकानदार अमित को दिया ।सूचना पर अमित भाग कर दुकान पर गया जहां आग जल रही थी दमकल वाहन पहुंचने से पूर्व ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। दुकानदार के अनुसार दुकान के बाहर खड़ी छह बाइक और लाखों रुपया कीमत का रिपेयरिंग के उपकरण तथा अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार ने घटना की लिखित सूचना बदरका चौकी के उपनिरीक्षक अनिल त्रिपाठी को दिया है।

# एसटीएफ की टीम ने भारी मात्रा में बरामद की अंग्रेजी शराब

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के टिकरा बाव से लखनऊ एसटीएफ की सूचना पर पिकअप डाला में लदी बड़ी मात्रा में इंग्लिश शराब को लखनऊ की एसटीएफ, औरास पुलिस व आबकारी पुलिस की सयुंक्त टीम ने पिकअप डाला व चालक को धर दबोचा जहाँ जाँच पड़ताल में पता चला कि ये शराब चंड़ीगढ़ से बिहार प्रान्त भेजी जा रही थी। किसी को भनक न लगे इस लिए शराब की पेटियों के ऊपर खरबूजा लाद दिए गए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिकअप चालक को न्यायालय में पेश किया गया ।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

औरास थाना क्षेत्र के टिकरा बाव निवासी रंजीत पुत्र सर्वेश व्यापार के उद्देश्य से चंडीगढ़ से पिकअप डाला में




बड़ी मात्रा में रॉयल ब्रांड की इंग्लिश शराब लाद कर बिहार प्रान्त में बिक्री हेतु गंगा एक्सप्रेस-वे रास्ते से रविवार की शाम आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे मार्ग पर आकर औरास आये जहाँ से वह अपने गाँव टिकरा बाव पहुँचा ही था। कि वहाँ पर पूर्व सूचना के अनुसार एसटीएफ विभूति खंड लखनऊ के हेड कांस्टेबल नीरज मिश्र , विजेंद्र नाथ, अमित यादव , आबकारी इंस्पेक्टर ज्योति अग्रवाल, औरास थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार की सयुंक्त पुलिस टीम ने शराब लदी पिकअप डाला व चालक को गांव के बाहर से धर दबोचा । जहाँ से पिकअप व चालक को औरास थाना लाया गया। जहाँ जांच पड़ताल में 92 पेटी में 2208 हाफ बोतल व 50 पेटी में फूल 600 बोतले कुल छोटी बड़ी मिलाकर 2808 बोतल अवैध इंग्लिश शराब बरामद की गई। पुलिस की पूछ ताछ में पता चला कि टिकरा बाव के ही निवासी अजय व विपिन पुत्र गण बाबूलाल चंडीगढ़ से इसका सहयोग करते थे ।ये दोनों लोग उपरोक्त शराब का अवैध व्यापार करते है। पकड़ी गई अवैध शराब चंड़ीगढ़ से बिहार प्रान्त जा रही थी । अवैध शराब के धंधेबाज ने पकड़े गए पिकअप में गलत नंबर भी लिख रखा था । पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पिकअप चालक को न्यायालय में पेश किया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# आजाद समाज पार्टी काशीराम के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के सैकड़ों कार्यकर्ता आज नारा लगाते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के जल्द समाधान की मांग उठाई गई है ।आजाद समाज पार्टी कांशीराम के विधानसभा प्रभारी मनीराम यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सोमवार की दोपहर उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला को सौंपे गए 26 सूत्रीय ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग उठाई गई है कि क्षेत्र की बहुजन समाज की बस्तियों से देशी और विदेशी शराब के ठेके तत्काल हटाए जाएं और नगर की जिस आबादी में जलापूर्ति नहीं हो रही है, ऐसे मोहल्लों के नागरिकों से जलकर



की वसूली स्थगित की जाएं। साथ ही ज्ञापन में नगर बांगरमऊ के नाकों पर ई-रिक्शा चालकों से की जा रही जबरन एवं अवैध धन वसूली पर अविलंब रोक लगाए जाने और क्षेत्र के सभी अंबेडकर पार्कों की चहारदीवारी का निर्माण कराने तथा उन्हें संरक्षित करने एवं नगर के मोहल्ला प्रेमगंज में गंदे पानी के निकास हेतु पक्के नाले का निर्माण कराए जाने की भी मांग उठाई गई है। ज्ञापन सौंपते समय पार्टी के जिला प्रभारी सुनील कुमार गौतम, विधानसभा प्रभारी मनीराम यादव, जिलाध्यक्ष यतींद्र चौधरी, प्रहलाद गौतम, गोविंद कुमार गौतम, कैलाश गौतम, राम प्रकाश गौतम, रहीस असगर, राजेंद्र गौतम व प्रकाश गौतम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सफीपुर का बीआरसी केंद्र अटवा पर पर्यवेक्षक कयामुद्दीन निर्वाचन अधिकारी अरुण कांत द्विवेदी निर्वाचन अधिकारी द्वितीय अविनाश तिवारी के द्वारा संपन्न कराया गया अध्यक्ष पद हेतु संजय सिंह चौहान महामंत्री पद हेतु धर्मेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष पद हेतु देवेंद्र सिंह कुशवाहा ने अपना नामांकन पत्र चुनाव अधिकारियों के पास दाखिल किया एक-एक नामांकन पत्र होने के कारण चुनाव अधिकारियों ने अध्यक्ष पद हेतु संजय सिंह चौहान महामंत्री पद हेतु धर्मेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष पद हेतु देवेंद्र सिंह कुशवाहा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया इस पर उपस्थित शिक्षकों ने माल्यार्पण कर निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया इस अवसर पर सत्य प्रकाश द्विवेदी राघवेंद्र सिंह सरतेज बहादुर सिंह रामनरेश गौड़ नरेंद्र मौर्य कमलेश कुमार मेराज आलम अवनींद्र गौड़ राहुल दीक्षित अरविंद सिंह राहुल गौड आशीष पांडे



आशुतोष श्रीवास्तव अमित कुमार रतन शुक्ला सूरज गुप्ता सुफियान राज हर्ष रजनीश राहुल वर्मा आशीष गुप्ता राम जी सहित काफी संख्या में शिक्षक साथी मौजूद रहे

## डीएम ने दो और शातिर अपराधियों को किया जिला बदर, अब तक बीस पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गंभीर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 2 और अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। अब तक कुल 20 अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है। साथ ही गंभीर अपराधों में पंजीकृत 4 अपराधियों के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए जा चुके हैं।

29 जून 2026 को डीएम ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए संजय पासी उर्फ बउवा उम्र 40 वर्ष पुत्र श्यामलाल निवासी बैगांव, थाना कोतवाली पुरवा और नरेश निषाद उर्फ कल्लू उम्र 38 वर्ष पुत्र कालीचरन निवासी आजाद नगर, थाना गंगाघाट को जिला बदर किया है। दोनों को निर्धारित अवधि



तक जनपद एवं उससे सटे जनपदों की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि संजय पासी के भय एवं आतंक से स्थानीय जनता भयभीत है। उसके खिलाफ थाना पुरवा में मु0अ0स0 225/2021, मु0अ0स0 277/2024 और मु0अ0स0 87/2025 सहित गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं नरेश निषाद पर थाना गंगाघाट में मु0अ0स0 628/2022 सहित हत्या के प्रयास, एससी-एसटी एक्ट जैसे गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के आतंक के कारण आसपास के लोग पलायन को विवश हो रहे थे।

डीएम ने बताया कि इससे पूर्व विकास उर्फ शेरू निवासी कल्लुपुरवा, अनुज उर्फ अरुण निवासी बद्दलकटरी, प्रदीप मौर्य निवासी सरौती, रंजीत निवासी रामबख्श खेड़ा, आशीष सिंह उर्फ छोटू निवासी रसूलपुर रूरी, विशाल निवासी कटहा दल नारायणपुर, मुहीब निवासी उनवा, शिवम निवासी कुशहरी सहित कुल 20 अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने पर विधिक कार्रवाई होगी। जनपद में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। अपनी मां को मामा के यहां छोड़कर बाइक से घर वापस जा रहे युवक को थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग के काली मिट्टी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसे घायल हालत में सी एच सी सफीपुर में लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई मृतक के एक पुत्री व एक पुत्र है कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के माथर निवासी नरेश 40 वर्ष पुत्र बेचेलाल अपनी मां को थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गंगादासपुर गांव में अपने मामा को यहां



छोड़कर वापस बाइक से घर जा रहा था तभी काली मिट्टी के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सीएचसी सफीपुर लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया युवक की मौत की खबर सुनते ही पत्नी व बच्चों में चीख पुकार मच गई मृतक गांव में ही किराने का व्यवसाय करता था।

## डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, किशोरी की मौत, मौसी की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बड़ी मौसी के साथ बाइक से छोटी मौसी की शादी होने के चलते पुरवा कपड़े खरीदने जा रही 16 वर्षीय किशोरी की बाइक में डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी ।जिससे किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई ।जबकि गंभीर रूप से घायल होने पर मौसी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।घटना के बाद डंपर चालक डंपर छोड़कर मौके से भाग गया ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज डंपर को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है।

क्षेत्र के गांव भदनांग निवासी रामबाबू की 16 वर्षीय बेटी सुमन बाइक से सोमवार को क्षेत्र के गांव रामा अमरापुर निवासी मौसी सरस्वती की शादी में शामिल होने गई थी ।दिन में ही शादी कार्यक्रम होने से वह अपनी बड़ी मौसी कमला उर्फ दुर्गा निवासी 1



बदालीखेड़ा थाना सरोजनीनगर ,लखनऊ के साथ कपड़े खरीदने पुरवा जा रही है ।पुरवा - अचलगंज मार्ग पर खिन्नी मोड़ के पास लगभग डेढ़ बजे सामने से गिट्टी लादकर आ रहे डंपर चालक ने टक्कर मार दी ।जिससे दोनो सड़क पर गिर गई ।सुमन की मौके पर ही उसकी मौत हो गई ।जबकि ग्रामीणों ने कमला को सीएचसी भिजवाया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।घटना के बाद डंपर चालक डंपर छोड़कर मौके से भाग गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज डंपर को कब्जे में लिया है ।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया ।सुमन की मौत से मां गुड्डी,पिता रामबाबू,बहन अंशिका,भाई अजय, विजय बेहाल रहे।

कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि परिजन की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है ।डंपर को कब्जे में लिया गया है ।चालक की तलाश की जा रही है।

## घर के बाहर बैठी वृद्ध महिला को लोडर ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन बीघापुर कैंची मोड में रहने वाली 60 वर्षीय दरवाजे बैठी महिला को लोडर ने रविवार की देर रात टक्कर मार दी इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम भेजा है।

रेलवे स्टेशन कैंची मोड निवासी मीरा पत्नी यज्ञ किशोर रविवार रात गर्मी के चलते अपने दरवाजे पर अपने पड़ोसी बाल कृष्ण पुत्र चंद्रनाथ 85 वर्ष से बातचीत कर रही थी। तभी बीघापुर से पुरवा की ओर जा रहे अनियंत्रित तेज रफ्तार लोडर ने मीरा को टक्कर मारते हुए बालकृष्ण को भी घायल कर दिया। दरवाजे पर रखी टिन शेड भी टूट कर घायलों के ऊपर गिर गई ।घर में मौजूद पुत्र गौरव ने अपनी घायल मां को सौ बेड अस्पताल पहुंचाया जहां गंभीर स्थित देखते हुए जिला चिकित्सालय भेजा गया ।जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान रविवार रात दो बजे मीरा की मौत हो गई ।घायल पड़ोसी बालकृष्ण का इलाज अभी चल रहा है ।मृतका के तीन पुत्र विवाहित सौरभ ,अविवाहित गौरव व सुधांशु हैं ।पुलिस ने लोडर को कस्टडी में लेकर चालक अरविंद कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी हरौनी थाना बंथरा जिला लखनऊ से पूंछताछ कर रही है। थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार कटियार ने बताया कि तहरीर व पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। संडीला मार्ग स्थित सहदानी मोड़ पर सोमवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान होश आने पर नगर के मोहल्ला नसीमगंज निवासी रामशरण ( 60 ) पुत्र दुर्गा प्रसाद के रूप में हुई। वह कैंची और चाकू में धार लगाने का कार्य करता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सहदानी मोड़ के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर एंबुलेंस उसे यहाँ के सरकारी अस्पताल लाई। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## प्राइवेट स्कूल शिक्षा को बनाया व्यवसाय मनमानी फीस किताबों से गरीब परेशान

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। प्राइवेट स्कूल माफियाओं का शिक्षा विभाग में भारी दबदबा बन गया मनमानी तरीके से फीस वसूली किताबों ड्रेस के नाम भारी वसूली की जा रही है

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में सैकड़ो प्राइवेट स्कूल खुल गए हैं मानो यह परचून की जैसे दुकान खुले हुए हैं प्राइवेट स्कूलों में मनमानी तरीके से फीस वसूली जाती है किताबों ड्रेसों के नाम पर भी हजारों रुपए प्रति बच्चों से वसूले जाते हैं इसका मुख्य कारण सरकारी विद्यालयों में अध्यापकों के द्वारा सही तरीके से बच्चों को शिक्षा नहीं दी जाती है सरकारी अध्यापकों का वेतन60000 से लेकर के 100000 प्रति माह सरकार उनको देती है वहीं प्राइवेट विद्यालयों में प्राइवेट अध्यापक5000 से लेकर20000 तक में समय से




विद्यालय पहुंचकर समय तक अपनी ड्यूटी खड़े होकर के प्रत्येक बच्चे को अच्छी शिक्षा अध्यापक देता है और घर का होमवर्क देता है ग्रामीण व गरीब लोगों का एक ही सपना होता है कि हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें जिसके कारण हमारा बच्चा आगे चलकर के हमारा भविष्यऔर अपना भी भविष्य भविष्य सुधर जाए इसी सपने को लेकर के बच्चों के पिता रातों दिन मजदूरी करके एक रोटी खाकर फटे पुराने कपड़े पहनकर स्कूलों की फीस भरता है किताबें खरीदना है कुछ विद्यालय तो ऐसे हैं जो अपने ही विद्यालय में किताबें और ड्रेस रखे हुए प्रति किताब 200 से ?500 के बीच में मूल्य लिखा होता है प्रत्येक बच्चे की किताबें व ड्रेस को लेकर कम से कम 5000 वही एडमिशन के नाम पर विद्यालय भी 2000 से लेकर 5000 तक वसूल रहेहै

## अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर वृद्ध महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के भगवंतनगर चैनपुर मार्ग पर असईखेड़ा के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बाइक में बैठी महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया ।थाना क्षेत्र ग्राम जालापुर



निवासी शिवमंगल अपनी मां नन्हकी 75 पत्नी श्रीधर के साथ समय करीब 11बजे दोपहर भगवंतनगर जा रहे थे ।चैनपुर भगवंतनगर मार्ग पर ग्राम असईखेड़ा के पास तेज गति व अनियंत्रित ट्रक की चपेट में उनकी बाइक आ गयी जिससे वह सड़क पर गिर पड़े । बाइक में पीछे बैठी नन्हकी देवी के सर में गम्भीर चोट आ जाने से मौके पर ही मौत हो गयी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया ।इस,सम्बन्ध मे थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है जबकि चालक भाग जाने में सफल रहा। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## तहसील में प्रशासनिक फेरबदलः 15 लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील प्रशासन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 15 लेखपालों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। उपजिलाधिकारी बीघापुर की 19 जून 2026 की आख्या के अनुपालन में तहसीलदार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। प्रशासन द्वारा जारी सूची के अनुसार रूबी कुमारी को पुरवा तहसील से स्थानांतरित कर धनकौली का क्षेत्र सौंपा गया है। इसके अलावा, अभिषेक कुमार को पाटन/दुबाई, पंकज कुमार को सारुखेड़ा/रावतपुर, राकेश बाबू को रावतपुर/-जयराजमऊ, अवधेश कुमार को राजस्व निरीक्षक कार्यालय-पकरा बुजुर्ग, तनवीर अहमद को पोरई/परसंडा, आयुष पटेल को पनई बुजुर्ग/पोरई/छाछीखेड़ा, अमर सिंह




को दुबाई-पनई बुजुर्ग-नेकामऊ, विशाल निर्मल को नेकामऊ-अकबरपुर-जंगीपुर, जितेन्द्र कुमार यादव को त्रिपुरारपुर-पनहा, संजीव पाण्डेय को पतारी-मानिकपुर-चैनपुर,शुभम शुक्ला को पतारी - ढोकरई व सवाइन, सुनील सिंह कोससन-बीघापुर कला, आकाश शुक्ला को संग्रामपुर-मानपुर-एतमाली, और रविकांत को बीघापुर कला-पाही हरदो-ओसिया के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। तहसीलदार ने संबंधित राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि वे संबंधित लेखपालों को कार्यभार हस्तांतरित कराएं और इसकी प्राप्त रिपोर्ट राजस्व निरीक्षक कार्यालय में तत्काल जमा करें।

## सम्पादकीय

# धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता जरूरी

देश में मंदिर केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। श्रद्धालु बिना किसी अपेक्षा के मंदिरों में दान और चढ़ावा अर्पित करते हैं। उनका विश्वास होता है कि उनकी मेहनत की कमाई धर्म, सेवा और जनकल्याण के कार्यों में उपयोग होगी। ऐसे में यदि चढ़ावे में चोरी, गड़बड़ी या वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात है। हाल ही में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में कथित चोरी का मामला सामने आने के बाद पूरे देश में चिंता का माहौल बना है। इससे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद के लिए उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता को लेकर विवाद भी श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा चुका है। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि धार्मिक संस्थाओं में केवल श्रद्धा पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। अयोध्या मामले में जांच के बाद कई आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दिया है, जबकि मंदिर निर्माण से जुड़े अधिकारी गोपाल राव को भी जिम्मेदारियों से अलग किया गया है। हालांकि इस्तीफा देना नैतिक जिम्मेदारी का एक पहलू हो सकता है, लेकिन यदि किसी स्तर पर लापरवाही या जवाबदेही तय होती है तो केवल पद छोड़ देना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया, वह काफी सराहनीय है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे जाने की जानकारी सामने आई है। इससे यह संदेश गया है कि धार्मिक संस्थाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को हल्के में नहीं लिया जाएगा, लेकिन केवल दोषियों को सजा देना ही समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि देश के सभी बड़े धार्मिक संस्थानों में आय-व्यय की आधुनिक और पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाए। दान और चढ़ावे का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए, नियमित स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए और उसकी रिपोर्ट समय-समय पर सार्वजनिक की जाए। मंदिर ट्रस्टों की कार्यप्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा वित्तीय प्रबंधन के लिए स्पष्ट और समान मानक बनाए जाएं। तकनीक के इस दौर में डिजिटल निगरानी, सीसीटीवी, ऑनलाइन लेखा-जोखा और स्वतंत्र निगरानी तंत्र जैसी व्यवस्थाएं भ्रष्टाचार की संभावनाओं को काफी हद तक कम कर सकती हैं। देश के अधिकांश मंदिर और धार्मिक संस्थान ईमानदारी और सेवा भाव से समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। इसलिए आवश्यक है कि दोषियों और संस्थाओं के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए तथा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाया जाए। आस्था तभी मजबूत रहती है जब उसके साथ विश्वास भी जुड़ा हो। श्रद्धालु मंदिरों में केवल धन नहीं, बल्कि अपनी भावनाएं और उम्मीदें भी समर्पित करते हैं। इसलिए सरकार, मंदिर ट्रस्टों और समाज तीनों की जिम्मेदारी है कि धार्मिक संस्थाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यही करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की सबसे बड़ी रक्षा होगी और यही धर्मस्थलों की गरिमा बनाए रखने का सर्वोत्तम मार्ग भी है।



कोचिंग का मायाजाल

डा. जवाहर सूरीसेट्टी

# क्या हमें वास्तव में कोचिंग संस्थानों की आवश्यकता है?

कोटा में युवा छात्र पंखों से लटककर आत्महत्या कर रहे हैं, जहर खा रहे हैं, हॉस्टल की खिड़कियों से छलांग लगा रहे हैं। पिछले एक दशक में केवल इसी शहर में 147 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की है। यह प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी का 'आत्महत्या का शहर' बन चुका है। 2024 और 2026 में कुछ स्थानों पर नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक हुए, जिसके कारण दोबारा परीक्षा (री-नीट) करानी पड़ी। प्रश्नपत्र कोचिंग संस्थानों तक पहुँच गए। भारत की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पूरी तरह विफल साबित हुई।

अब सवाल सीधा है-क्या हमें वास्तव में कोचिंग संस्थानों की जरूरत है? हम यहाँ तक कैसे पहुँचे? कोचिंग संस्थानों की शुरुआत एक समाधान के रूप में हुई थी। स्कूल प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की पर्याप्त तैयारी नहीं करा पा रहे थे। अभिभावक अपने बच्चों के लिए अतिरिक्त सहायता चाहते थे। यह व्यवस्था सफल भी हुई। नीट और जी के टॉपर कोचिंग से आने लगे। लेकिन धीरे-धीरे सब बदल गया। आज कोचिंग शिक्षा का पूरक नहीं, बल्कि शिक्षा का पर्याय बन चुकी है। छात्र 6–7 घंटे स्कूल में बिताता है, फिर 4–5 घंटे कोचिंग में, और आधी रात तक होमवर्क करता है। यह शिक्षा नहीं है। यह बच्चों को परीक्षा हल करने वाली मशीनों में बदलने की प्रक्रिया है।

और हर उस मशीन की तरह जिसे केवल परिणाम देने के लिए तैयार किया जाता है, यह व्यवस्था भी निर्मम, लापरवाह और भ्रष्ट होती चली गई।

**असली समस्या**

कोचिंग संस्थान अभिभावकों की मजबूरी से लाभ कमाते हैं। एक मध्यमवर्गीय परिवार अपने एक बच्चे की तैयारी पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च करता है-फीस, हॉस्टल, भोजन, यात्रा आदि पर। गरीब इसे वहन नहीं कर सकता, और अमीर को इसकी आवश्यकता नहीं पड़ती। कोचिंग ने शिक्षा को समान बनाने के बजाय और अधिक असमान बना दिया है। इन संस्थानों के पास अनैतिक रास्ता अपनाने की भी संरचनात्मक प्रेरणा होती है। अच्छी शिक्षा देने में समय लगता है, लेकिन यदि प्रश्नपत्र पहले ही मिल जाएँ तो टॉपर तुरंत तैयार हो जाते हैं। जब पूरा व्यवसाय परिणाम दिखाने पर टिका हो, तो गलत रास्ते का प्रलोभन क्यों न होगा?

कोटा की आत्महत्याएँ हमें एक भयावह सच बताती हैं-यह व्यवस्था ऐसा मानसिक दबाव पैदा करती है जिसे किशोर सह नहीं पाते। 17 वर्ष का छात्र यह मान बैठता है कि उसका पूरा भविष्य केवल एक दिन होने वाली एक परीक्षा पर निर्भर है। यह तनाव संयोग नहीं है। डर ही कोचिंग की सीटें भरता है। भय ही पाठ्यक्रम बेचता है।

सिर्फ 2023 में कोटा में 36 छात्रों ने आत्महत्या की। यह शहर अब हॉस्टल कमरों में लटके हुए युवाओं की तस्वीरों के लिए बदनाम हो चुका है। फिर भी कोचिंग उद्योग लगातार बढ़ रहा है। इन मौतों को व्यक्तिगत त्रासदी मान लिया जाता है, जबकि वे पूरी व्यवस्था की विफलता हैं।

**ऐसे समाधान जो वास्तव में काम कर सकते हैं**

कोचिंग को सुधारने के बजाय हमें उन परीक्षाओं को बदलना चाहिए जिन्होंने कोचिंग उद्योग को जन्म दिया।

विकल्प 1: विश्वविद्यालय में प्रवेश के अनेक रास्ते

नीट और जी जैसी एकमात्र परीक्षा पर निर्भरता समाप्त की जाए। विश्वविद्यालय स्वयं प्रवेश प्रक्रिया तय करें। कुछ बोर्ड परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश दें, कुछ योग्यता परीक्षण लें और कुछ दोनों का संयोजन अपनाएँ। इससे एक परीक्षा का दबाव समाप्त होगा और कोचिंग उद्योग स्वतः कमजोर पड़ जाएगा।

**विकल्प 2: वर्षभर सतत मूल्यांकन**

एक परीक्षा के बजाय पूरे वर्ष में 10–12 मूल्यांकन हों। तब सफलता एक दिन के प्रदर्शन पर नहीं, बल्कि लगातार सीखने पर निर्भर होगी। ऐसी स्थिति में 'एक परीक्षा फोड़ने' वाली कोचिंग की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी।

**विकल्प 3: कौशल आधारित प्रवेश**

छात्रों का मूल्यांकन इस आधार पर हो कि वे वास्तव में क्या कर सकते हैं-समस्या समाधान, रचनात्मकता, संवाद क्षमता और शोध कौशल। मेडिकल कॉलेज प्रयोगशाला कार्य, केस स्टडी और व्यावहारिक समझ को भी महत्व दें, केवल वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को नहीं।

**विकल्प 4: विश्वविद्यालयों को स्वायत्तता**

विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश नीति तय करने की स्वतंत्रता मिले। कुछ उच्च अंक वालों को चुनें, तो कुछ प्रतिभा और रचनात्मकता को महत्व दें। जब प्रत्येक संस्थान के मानदंड अलग होंगे, तब कोचिंग अप्रासंगिक हो जाएगी।

**विकल्प 5: पोर्टफोलियो आधारित चयन**

छात्र अपने स्कूल प्रोजेक्ट, सामाजिक कार्य, शोध और प्रतियोगिताओं का पोर्टफोलियो तैयार करें। विश्वविद्यालय उसी के आधार पर चयन करें। इससे वास्तविकता सीखने को प्रोत्साहन मिलेगा, न कि केवल परीक्षा की तैयारी को। दुनिया के अधिकांश विकसित देशों में ऐसे मॉडल सफलतापूर्वक लागू हैं। वहाँ तनाव कम है, बेहतर छात्र चयन होता है और असफलता की दर भी कम है।

**विकल्प 6: सभी के लिए एक राष्ट्रीय एप्टीट्यूड परीक्षा (सीएटी मॉडल)**




सबसे प्रभावी समाधान यह हो सकता है कि नीट और जी को समाप्त कर एक ऐसी राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा आयोजित की जाए जो सीएटी की तरह केवल तार्किक क्षमता, विश्लेषण, डेटा इंटरप्रिटेशन और भाषा कौशल को परखे। विषय ज्ञान या रटने की क्षमता नहीं-सिर्फ सोचने की क्षमता। चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कानून, प्रबंधन-सभी क्षेत्रों के लिए यही एक परीक्षा हो। इसकी सबसे बड़ी विशेषता होगी कि एप्टीट्यूड की कोचिंग नहीं कराई जा सकती। तर्कशक्ति और विश्लेषण को रटकर नहीं सीखा जा सकता। ऐसी परीक्षा आते ही कोचिंग उद्योग की पूरी व्यावसायिक संरचना ढह जाएगी।

सीएटी पहले ही यह सिद्ध कर चुका है कि वह केवल परीक्षा देने वाले नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान करने वाले लोग चुन सकता है। एक परीक्षा। पूरे देश के लिए। निष्पक्ष। कोचिंग से लगभग अप्रभावित। यही वह निर्णायक कदम हो सकता है जो बिना किसी अतिरिक्त कानून के कोचिंग उद्योग की अनावश्यकता सिद्ध कर दे।

**यदि कोचिंग जारी रखनी है तो...**

उसे स्कूलों की तरह कड़ाई से नियंत्रित करना होगा—

- वास्तविक अग्नि सुरक्षा निरीक्षण और कठोर दंड
- शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता अनिवार्य
- छात्र-शिक्षक अनुपात निर्धारित
- पारदर्शी और नियंत्रित फीस
- बिना सूचना के निरीक्षण और कठोर कार्रवाई

लेकिन सच्चाई यह है कि केवल नियमन शायद पर्याप्त नहीं होगा। कोचिंग उद्योग ने बार-बार साबित किया है कि युवाओं की सुरक्षा और शिक्षा को उसके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

**नैतिक प्रश्न**

जो समाज एक ही शहर में 147 से अधिक छात्रों की आत्महत्या देखता है, और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के प्रश्नपत्र चोरी होने देता है, उसे स्वयं से कठिन प्रश्न पूछने होंगे। समस्या की जड़ कोचिंग नहीं है। जड़ वे परीक्षाएँ हैं जिन्होंने ऐसी व्यवस्था बनाई जहाँ सफलता समझ पर नहीं, बल्कि रटने और गति पर निर्भर हो गई।

कोचिंग संस्थानों ने बस उसी व्यवस्था का बेरहमी से लाभ उठाया। वे टूटे सपनों और अभिभावकों की मजबूरी से कमाई करते हैं। वे भारी फीस लेते हैं। असुरक्षित भवनों में पढ़ाते हैं। छात्रों को आत्महत्या की कगार तक पहुँचा देते हैं। और यह सब कानून के दायरे में होता है, क्योंकि इसे रोकने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है।

**असली सवाल**

क्या हमें कोचिंग चाहिए?

नहीं।

हमें यह पूछना चाहिए कि हमने ऐसी व्यवस्था क्यों बनाई जिसमें 3 से 4 करोड़ किशोर अपने जीवन के सबसे सुंदर वर्ष परिवार से दूर, तनाव में और भय के वातावरण में बिताने को मजबूर हैं। यह व्यवस्था छात्रों की नहीं, बल्कि हजारों करोड़ रुपये के उद्योग की सेवा कर रही है।

**आगे का रास्ता**

लखनऊ और कोटा जैसी त्रासदियाँ हमारे लिए अंतिम चेतावनी होनी चाहिए। हम विश्वविद्यालय प्रवेश प्रणाली का विकेंद्रीकरण कर सकते हैं। स्कूलों को मजबूत बना सकते हैं। उच्च शिक्षा तक पहुँचने के अनेक रास्ते बना सकते हैं। छात्रों का मूल्यांकन केवल अंकों से नहीं, बल्कि उनके कौशल और क्षमता से कर सकते हैं। दुनिया के कई ऐसे देश, जो भारत से भी कम संसाधनों वाले हैं, यह कर चुके हैं। या फिर हम उसी व्यवस्था का बचाव करते रहें जो हमारे बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ रही है, केवल इसलिए कि कोचिंग उद्योग का मुनाफा बना रहे। चुनाव हमारे सामने है। अब समय आ गया है कि हम स्वयं से पूछें-हम वास्तव में हासिल क्या करना चाहते हैं? यदि उद्देश्य सबसे योग्य छात्रों को अच्छे विश्वविद्यालयों तक पहुँचाना है, तो उसके बेहतर रास्ते मौजूद हैं। यदि उद्देश्य शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना है, तो कोचिंग उसका समाधान नहीं, बल्कि सबसे बड़ी बाधा है। वास्तविक सुधार का अर्थ है नीट और जी जैसे एकमात्र परीक्षा-आधारित दबाव को समाप्त करना। बाकी सब तो बस डूबते जहाज़ पर कुर्सियाँ इधर-उधर करने जैसा है।

अधिकार

सुशील देव



# फुटपाथ पर दादागिरी दिखाता अतिक्रमण !

बढ़ती आबादी के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है और सड़कें छोटी पड़ती जा रही हैं। ऐसे में अवैध पार्किंग जहां एक नासूर बनती जा रही है, वहीं सड़कों के किनारे पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बची है। इससे राहगीरों को न केवल चलने-फिरने में परेशानी होती है, बल्कि फुटपाथों पर अवैध कब्जों और अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि अतिक्रमण ने एक तरह से फुटपाथों को निगल लिया है। कई शहरों में तो फुटपाथ दिखाई तक नहीं देते। कहीं उन पर अवैध पार्किंग का कब्जा है, कहीं दुकानों, रेहड़ी-पटरी और ठेलों ने रास्ता रोक रखा है, तो कहीं कूड़े-कचरे और अव्यवस्थित रखरखाव के कारण वे पूरी तरह बाधित हैं। नतीजतन, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्ते लगातार कम होते जा रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि फुटपाथों पर पहला अधिकार पैदल चलने वालों का है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही से भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि पैदल यात्री फुटपाथों पर बिना किसी बाधा के सुरक्षित रूप से चल सकें। यह निर्णय स्वागत योग्य और सराहनीय है, जिसने सरकारों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया है तथा नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार की याद दिलाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ केवल



सड़क दुर्घटनाओं से बचने की जगह नहीं हैं, बल्कि लोगों के चलने के अधिकार का प्रतीक हैं। सुरक्षित और सुविधाजनक फुटपाथ हर नागरिक का बुनियादी अधिकार हैं। उनका उद्देश्य लोगों को स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से पैदल चलने की सुविधा देना है, जो स्वस्थ जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। फुटपाथ केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अभिव्यक्ति, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और सामाजिक जुड़ाव के लिए भी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान हैं। सड़क निर्माण के दौरान केवल वाहनों की सुविधा का ही नहीं, बल्कि पैदल यात्रियों की जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। दुर्भाग्यवश, देश के अधिकांश हिस्सों में अतिक्रमण के कारण फुटपाथ लगभग गायब हो चुके हैं। कई विकासशील देशों की तुलना में भारत में फुटपाथ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण के शिकार हैं। कहीं रेहड़ी-पटरी वालों ने कब्जा जमा रखा है, तो कहीं दुकानदारों के साइन बोर्ड और सामान ने रास्ता घेर लिया है। ऐसे में पैदल चलने वाले आखिर करें तो क्या करें? आमतौर पर उन्हें सड़क के किनारे चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे वे दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। हर वर्ष हजारों लोग ऐसी दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। दूसरी ओर, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण यातायात जाम की समस्या भी गंभीर होती जा रही है, जिससे आम लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सबसे चिंता की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की ओर ट्रैफिक पुलिस, प्रशासन और सरकारें अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखातीं। परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप कर यह याद दिलाना पड़ता है कि फुटपाथ पर सुरक्षित और बाधारहित रूप से चलना जनता का मौलिक अधिकार है। फुटपाथों का उपयोग पूरी तरह बाधारहित और सुविधाजनक होना चाहिए। इनके रखरखाव और संरक्षण की जिम्मेदारी जिन विभागों पर है, उन्हें ईमानदारी और जवाबदेही के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नगर निगम, नगर पालिकाएं, शहरी विकास प्राधिकरण तथा पंचायतों को इस दिशा में सक्रिय कदम उठाने होंगे। जिस प्रकार यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान और जुर्माने का प्रावधान है, उसी प्रकार फुटपाथों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि किसी अतिक्रमण के कारण सड़क दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदार लोगों को कठोर कानूनी दायरे में लाया जाना चाहिए।

## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित

दर्शन

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित

प्रेरणा

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं**

एक समय था जब टीबी यानी क्षय रोग का नाम सुनते ही मरीज और उसके परिवार में डर का माहौल बन जाता था। लोगों को लगता था कि यह बीमारी जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगी और इसका इलाज संभव नहीं है। जानकारी की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अनेक मरीज समय पर उपचार नहीं ले पाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज टीबी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है और लाखों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि अब टीबी को लाइलाज बीमारी नहीं माना जाता, बल्कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

- परेश उपाध्याय, सरगुजा

## ट्रेंड

**नार्को-कार्टेल्स**



भारत ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती के खिलाफ सबसे मजबूत लड़ाई लड़ी है; इसके तहत नार्को-कार्टेल्स को सख्ती से खत्म किया गया है और प्रभावित लोगों का उचित देखभाल और सहानुभूति के साथ इलाज किया गया है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

**मारवाड़ी समाज का योगदान**



आधुनिक असम की नींव कई समुदायों की दशकों की कड़ी मेहनत पर टिकी है, जिसमें मारवाड़ी समाज भी शामिल है। अस्पतालों से लेकर समाज-सेवा करने वाली संस्थाओं तक, हर संस्थान उनके अहम योगदान की गवाही देता है।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

**आत्मनिर्भर भारत**



भारत की रक्षा शक्ति को मिली एक और बड़ी मजबूती। स्वदेशी 'नेत्र' एईडब्ल्यू और सी सिस्टम को अंतिम परिचालन मंजूरी मिलने से भारतीय वायुसेना की निगरानी, समय रहते खतरे की पहचान और रणनीतिक क्षमता को नई ताकत मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

**बंकिम चंद्र को नमन**



बंकिम चंद्र के दोनो हाथों में समान शक्ति थी, वे दोनों हाथों का समान रूप से उपयोग करने वाले) थे... एक हाथ से उन्होंने साहित्यिक ज्ञान का प्रकाश फैलाया और दूसरे हाथ से अज्ञानता और गलत धारणाओं के धुएं और राख को दूर किया।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# बकिंघम पैलेस में नहीं रहेंगे महाराज चार्ल्स तृतीय



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय बकिंघम पैलेस के 10 वर्षों तक 36.9 करोड़ पाउंड (लगभग 48.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के व्यापक नवीनीकरण कार्यक्रम के पूरा होने के बाद भी वहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे। राजशाही का मानना है कि इस ऐतिहासिक भवन को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए। हालांकि, शाही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला बकिंघम पैलेस से अपने आधिकारिक कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह महल आगे भी राजशाही का ''औपचारिक और प्रशासनिक केंद्र'' बना रहेगा

## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6




ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

## संक्षेप

### महिला थाना ने सुलझाए वैवाहिक विवाद

**दो बिछड़े दंपतियों का फिर से हुआ मिलन**

अमेठी। जनपद अमेठी की महिला थाना पुलिस ने दो बिछड़े दंपतियों के वैवाहिक विवादों को सफलतापूर्वक सुलझाकर उनके घरों को फिर से बसाया है। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने में भी सराहनीय भूमिका निभाई है। यह पहल 'स्वावलम्बन अभियान' के तहत की गई। 27 जून 2026 को महिला थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान दोनों पक्षों की बातों को धैर्यपूर्वक सुना गया। पुलिस टीम ने दंपतियों को आपसी संवाद, विश्वास और पारिवारिक मूल्यों के महत्व को समझाया। प्रभावी काउंसलिंग और समझाइश के बाद दोनों विवाहित जोड़े अपने मतभेद भुलाकर एक साथ रहने के लिए सहमत हो गए। दंपतियों ने खुशी-खुशी अपने वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत करने का निर्णय लिया और अमेठी पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। अमेठी पुलिस ने दोनों दंपतियों को सुखद और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।यह घटना दशार्ती है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### जमीन बंटवारे के बाद भी नहीं मिला कब्जा

**पीड़ित ने समाधान दिवस में अधिकारियों पर कार्रवाई में हीलाहवाली का आरोप लगाया**

अमेठी,संग्रामपुर में तहसील से भूमि का बंटवारा होने और राजस्व टीम द्वारा पैमाइश के बावजूद एक गरीब परिवार को अपनी जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया है। पीड़ित ने समाधान दिवस में अधिकारियों पर कार्रवाई में हीलाहवाली का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। शिवपुर करनाईपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व उपजिलाधिकारी न्यायालय से उनकी भूमि का बंटवारा हुआ था।इसके बाद 23 मई को पुलिस और राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश की और उन्हें कब्जा दिलवाया था।राजेश कुमार का आरोप है कि कब्जा मिलने के बाद भी विपक्षी उन्हें जमीन पर दोबारा नहीं आने दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि विपक्षियों ने मौके पर लगाए गए सीमा-चिह्न (पत्थर नसब) भी उखाड़कर फेंक दिए हैं। पीड़ित के अनुसार, छह जून को नायब तहसीलदार ने संग्रामपुर थाने को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।राजेश कुमार पिछले एक माह से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।राजेश कुमार ने टीकरमाफी चौकी प्रभारी और पुलिस-राजस्व टीम पर उदासीनता का आरोप लगाया है, जिसके कारण विपक्षियों के हौसले बुलंद हैं।उन्होंने यह भी बताया कि उनके दोनों बेटों के हाथ-पैर करंट लगने से कट चुके हैं, जिससे उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो गया है। पीड़ित ने समाधान दिवस में अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें जमीन पर कब्जा दिलाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# अपराध निरोधक समिति ने पेश की मानवता की मिसाल

## 22 हजार रुपये जुर्माना जमा कर 81 वर्षीय सजायाफ्ता कैदी को दिलाई रिहाई

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति, लखनऊ के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में जिला कारागार बहराइच में एक सराहनीय और मानवीय पहल करते हुए समिति की बहराइच इकाई ने 81 वर्षीय सजायाफ्ता कैदी हनुमान प्रसाद चौरसिया की रिहाई सुनिश्चित कर उसे सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कराया।

समिति के जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य तथा जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि पयागपुर क्षेत्र निवासी हनुमान प्रसाद चौरसिया पिछले लगभग सात वर्षों से जिला कारागार बहराइच में सजा काट रहे थे। उनकी रिहाई के लिए 22 हजार रुपये का जुमार्ना जमा किया जाना आवश्यक था, लेकिन अत्यंत वृद्ध एवं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह यह राशि जमा करने में असमर्थ थे। जुमार्ना जमा न होने की स्थिति में उन्हें कई माह तक और जेल में रहना पड़ता।ऐसी परिस्थिति में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की रुपईडीहा, नानपारा एवं बहराइच इकाई उनका तारणहार बना और मानवता और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए 22 हजार रुपये की जुमार्ना राशि जमा कराई और उनकी रिहाई का मार्ग प्रशस्त किया। इसके बाद समिति के सदस्यों ने उन्हें सकुशल उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी कराई।

जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि 81 वर्षीय हनुमान प्रसाद का जिला कारागार में पिछले सात वर्षों के दौरान आचरण एवं व्यवहार अत्यंत अच्छा रहा। उन्होंने समिति द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जुमार्ना राशि जमा होने के बाद कैदी को विधिवत उसके पुत्र एवं परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, जिला उपसचिव विनोद कुशवाहा, पूर्व ब्लॉक उपप्रमुख तेज प्रसाद वर्मा, आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के नगर सचिव राजीव कुमार अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री रमेश कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री मोहसिन भाई, मंत्री पप्पू प्रधान तथा बलहा ब्लॉक क्षेत्र के गुलालपुरवा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# सबका साथ सबका विकास की मुख्य धारा से श्रमिकों और गरीबों को जोड़ना है: राष्ट्रीय महासचिव

## अपने सुरक्षित भविष्य को लेकर नशे से बचें युवा: जिलाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सोमवार को बाबागंज मे भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भाजपा की तरफ से आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने कहा कि हम सभी ने तय किया है कि हमारे समाज के जो भी लोग हैं उनके साथ बिना भेदभाव के मिलकर कार्य करेंगे। श्रमिकों और गरीबों को कही भी अगर किसी कार्य की आवश्यकता है तो हमें बताइए। हम उस कार्य को करवाएंगे। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति सुखी और समृद्ध हो। अंतिम पायदान पर खड़े पीड़ित का हर कार्य प्राथमिकता से करवाएंगे। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि आज नशे का प्रचलन बहुत बढ़ गया है।यह बहुत ही दुखदाई है, साथ ही जो युवा नशे के शिकार हो रहे हैं उन्हें बचाना होगा। हम सभी जिम्मेदार नागरिक बनते हुए नशे का पुरजोर विरोध करें। महिला मोर्चा की प्राची ने सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही। इसी क्रम में रानू सिंह, दुर्गेश वर्मा, विजय तिवारी, प्रदीप त्रिपाठी, रमेश विश्वकर्मा ने अपने विचार रखे। इसके बाद वृक्षारोपण किया गया। अंत में जिला उपाध्यक्ष छेदा खा ने सभी सम्मानित अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र शुक्ला, अजय मिश्रा, विजय सिंह संतोष सिंह, शाहिद हुसैन, चांद बाबू, जगदीस,विशेष, सुरेंद्र, महेश, जुलूस, अनिल पाठक,राजेश सिंह, आशा राम, पवन सिंह, रोहित सिंह , विजय कुमारी, सुनीता, महिमा वर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नेपालगंज सशस्त्र पुलिस बल ने भारतीय नंबर की गाड़ी से 16 लाख नेपाली रुपए किया बरामद

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। सशस्त्र प्रहरी बल, नेपालगंज की 30वी गण मुख्यालय, बागेश्वरी, बाँके से तैनात चौलिका चेकपोस्ट की टीम ने रविवार को भारत से नेपाल की ओर जा रही भारतीय नंबर CH01CJ9694 वाली इनोवा कार की जांच के दौरान लगभग 16 लाख रुपए नेपाली नकद बरामद किया है। गण संख्या 30 बागेश्वरी के एस पी ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच के दौरान उनके कब्जे से नेपाली मुद्रा रु. 15,99,900 (पंद्रह लाख निन्यानवे हजार नौ सौ मात्र) बरामद की गई, जिसका वैध दस्तावेज वह लोग प्रस्तुत नहीं कर सके। बरामद रकम के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर आगे की कार्रवाई की गई। बरामद नकद रुपए के साथ ही उक्त इनोवा कार तथा 2 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।बरामद नगद, वाहन एवं मोबाइल फोन को आवश्यक जांच एवं कानूनी कार्रवाई हेतु जिला प्रहरी कार्यालय, नेपालगंज, बाँके के सुपुर्द कर दिया गया। जांच के दौरान पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान धन बहादुर कामी, उम्र 46 वर्ष, निवासी मुसिकोट नगरपालिका-11, जिला पश्चिम रुकुम, तथा कृष्ण बहादुर नाथ, उम्र 32 वर्ष, निवासी घोराही उपमहानगरपालिका-5, धरना, जिला दाङ के रूप में हुई है।

# रूपईडीहा पुलिस ने अवैध मांस के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## गोवध निवारण अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने कथित अवैध मांस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।जनपद बहराइच में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रुपईडीहा पुलिस ने अवैध मांस के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग एवं गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुस्लिम बाग क्षेत्र में छापेमारी कर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान मुस्लिम बाग निवासी सितारा देवी उर्फ सुग्गरी पुत्री राजू (27 वर्ष) तथा नौशाद अली पुत्र सोहब (48 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। नौशाद अली मूल रूप से महाराजगंज बस स्टैंड, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोंडा का निवासी है तथा वर्तमान में मुस्लिम बाग, थाना रुपईडीहा क्षेत्र में रह रहा था।पुलिस ने आरोपियों के किराए के कमरे से अवैध मांस बरामद किया, जिसके परीक्षण के उपरांत दोनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई। इस संबंध में थाना रुपईडीहा पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय बहराइच के समक्ष पेश किया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार, मुख्य आरक्षी उपेश यादव, आरक्षी अवनी कुमार तथा महिला आरक्षी मान्यता त्रिवेदी शामिल रहे।

# जय भीम की होर्डिंग लगाने पर 2 पक्षों में मारपीट

## सुल्तानपुर में जमकर हुआ विवाद, पुलिस ने संभाला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर उत्तरी (महादेवा) गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर का होर्डिंग लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही कहासुनी और मारपीट में बदल गया, जिसके बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। विवाद की सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस की मौजूदगी में भी दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक जारी रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। इसके बाद कोतवाल और क्षेत्राधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया और विवादित होर्डिंग को हटवाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस के अनुसार, यह विवाद होर्डिंग लगाने को लेकर स्थानीय लोगों के दो गुटों के बीच मतभेद का परिणाम था। फिलहाल, मौके पर शांति बनी हुई है और पुलिस स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। किसी भी अप्रिय घटना को




रोकने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर ने जानकारी दी कि घाटमपुर उत्तरी में बिजली के खंभे पर पोस्टर लगाने को लेकर दो विजातीय पक्षों में विवाद की सूचना मिली थी।

# अवैध कोचिंग सेंटरों पर प्रशासन कसेगा शिकंजा

## विशेष अभियान चलाकर होगी जांच, मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ,बिना पंजीकरण संचालित हो रहे अवैध कोचिंग सेंटरों पर प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। ऐसे संस्थानों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अभिलेखों के अनुसार, जिले में केवल छह कोचिंग सेंटर ही विधिवत पंजीकृत हैं। इसके विपरीत, नगर और कस्बाई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान बिना वैध पंजीकरण के चल रहे हैं। विभाग को यह भी जानकारी मिली है कि कई केंद्रों पर छात्रों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़े बुनियादी मानकों का पालन नहीं हो रहा है। जांच के दौरान विशेष रूप से अग्निशमन व्यवस्था, भवन की सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की जाएगी। इन मानकों की अनदेखी छात्रों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राजेश द्विवेदी ने संबंधित अधिकारियों को जिले में संचालित सभी कोचिंग सेंटरों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण संचालित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें बंद कराया जाएगा। डीआईओएस ने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग की इस पहल से कोचिंग संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद है।

# 60 करोड़ों की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया

## नगर आयुक्त ने ड्रोन से सर्वे कराकर बुलंडोजर चलवाया

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,नगर निगम ने खैर रोड पर करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्ता कराया है। जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने सांवरिया लॉज के सामने करीब 60 करोड़ रुपए की बेशकीमती सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है। इस दौरान टीम को लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा को खैर पर बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की जानकारी मिली थी। इसके बाद नगर निगम और तहसील कोल की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता और कोल तहसील की नायब तहसीलदार श्वेता सिंह के नेतृत्व में टीम भारी पुलिस बल और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची।

### बोर्ड लगाकर नगर निगम ने लिया कब्जा

पुलिस बल और बुलडोजर को देखकर अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया। थोड़ी ही देर में बुलडोजर ने पूरी जमीन को कब्जा मुक्त कर दियसा। कार्रवाई पूरी होने पर नगर निगम की टीम ने मुक्त कराई गई जमीन पर अपना आधिकारिक स्वामित्व बोर्ड लगा दिया है।

### पहले ड्रोन सर्वे, फिर पैमाइश

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि यह कार्रवाई अचानक नहीं, बल्कि पूरी पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि यह भूमि ग्राम कस्बा कोल के गाटा संख्या-2516 (खैर रोड, सांवरिया लॉज के सामने) पर स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 2.098 हेक्टेयर है।कार्रवाई से पहले राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जमीन की सटीक पैमाइश और चिन्हांकन किया था। इसके बाद इस संपत्ति का ड्रोन सर्वे कराकर एक नक्शा भी तैयार किया गया था।

# केएल शर्मा ने कहा- पकड़े गए कठपुतली, जादूगर कहां

## राम मंदिर को लेकर सरकार पर साधा निशाना, दिशा बैठक में 4 भाजपा विधायक नदारद

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,कलेक्ट्रेट स्थित मीटिंग रूम में दिशा (जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अमेठी सांसद केएल शर्मा और सुल्तानपुर सांसद राम भुआल निषाद सहित भाजपा एमएलसी देवेंद्र सिंह मौजूद रहे। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक की खास बात यह रही कि भाजपा के चारों विधायक विकास के मुद्दों पर आयोजित इस महत्वपूर्ण चर्चा से अनुपस्थित रहे। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए अमेठी सांसद केएल शर्मा ने राम मंदिर में हुई कथित करोड़ों की चंदा चोरी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ₹इसके पीछे जो भी छिपी हुई ताकतें हैं, जांच वहां तक जानी चाहिए। ये जो पकड़े गए हैं, ये कठपुतली हैं। इनका जादूगर कहां है, उसे ढूंढना है।₹ सुल्तानपुर सांसद राम भुआल निषाद ने डबल इंजन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार जनता के लिए नहीं, बल्कि पैसे कमाने के लिए बनी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा के ₹काले कारनामे₹ उजागर हो रहे हैं। निषाद ने यह भी कहा कि डबल इंजन सरकार चंपत राय को बचा रही है। भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने चंदा चोरी मामले पर कहा कि कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह कानून के दायरे में रहेगा और सबूत मिलने पर कठोरतम कार्रवाई होगी। राम मंदिर में चंदा चोरी के मामले में बुलडोजर कार्रवाई पर उन्होंने कहा कि यह सरकार चलाने वालों का काम है। उन्होंने ट्रस्ट के पुनर्गठन की मांग करते हुए कहा कि इसमें भगवान श्रीराम के वंशजों को शामिल किया जाना चाहिए।

# जमीन विवाद पर बवाल

## पुलिस और महिलाओं के बीच धक्का-मुक्की, वीडियो आया सामने

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,रानीगंज थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के दौरान पुलिस और स्थानीय महिलाओं के बीच धक्का-मुक्की का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना मोहर्रम के दिन की है।जानकारी के मुताबिक, विद्यावती देवी पत्नी राजेंद्र पटेल अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी पवन पटेल पुत्र जगनारायण पटेल ने निर्माण का विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। महिलाओं से हुई धक्का-मुक्कीविवाद की सूचना मिलने पर रानीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ स्थानीय महिलाओं और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। घटना का किसी ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भारी पुलिस बल ने संभाला मोर्चाघटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने हालात पर काबू पाया और स्थिति को सामान्य कराया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# आंगनबाड़ी भर्ती में रिश्वत का आरोप, महिला ने की शिकायत

## बोली- नियुक्ति के लिए एक लाख रुपए ले रहा लिपिक

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम की एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने ब्लॉक कार्यालय के एक लिपिक पर एक लाख रुपये की रिश्वत लेने के बावजूद नियुक्ति न कराने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि अब रुपये वापस मांगने पर भी उसे लगातार टालमटोल किया जा रहा है। मरुआन गांव निवासी मालती यादव ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी दो बेटियों के लिए विकास खंड बाबागंज और मानधाता में आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन किया था। इसी क्रम में बाल विकास परियोजना कार्यालय में उनकी मुलाकात लिपिक आनंद सिंह से हुई। मालती यादव के अनुसार, लिपिक आनंद सिंह ने उनकी दोनों बेटियों का चयन सुनिश्चित कराने का आश्वासन देकर उनसे एक लाख रुपये लिए थे। हालांकि, रुपये लेने के बाद भी उनकी बेटियों का चयन नहीं हो सका। जब मालती यादव ने लिपिक से संपर्क किया, तो उसने चयन न होने का कारण तकनीकी समस्या बताया और रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि पिछले एक महीने से लिपिक लगातार बहाने बनाकर टालमटोल कर रहा है। न्याय की आस में मालती यादव ने डीपीओ के कार्यालय विकास भवन पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। उनका दावा है कि डीपीओ ने संबंधित लिपिक को फटकार लगाई और तत्काल रुपये लौटाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, मालती यादव को अब तक उनके पैसे वापस नहीं मिले हैं। लिपिक द्वारा उन्हें यह आश्वासन दिया जा रहा है कि अगली भर्ती निकलने पर उनकी बेटियों का चयन करा दिया जाएगा। लिपिक आनंद सिंह ने आरोपों को निराधार बताया है।

## संक्षेप

### 3 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला

**भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट पीड़ित परिवार से मिला, दोषी पर कार्रवाई की मांग**

बागपत , सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में 3 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में भारतीय किसान यूनियन (तोमर गुट) ने कार्रवाई की मांग की है। यूनियन ने शनिवार दोपहर अपने कैंप कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता कर मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। यह घटना 15 जून को सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है। बच्ची को आर्थिक मदद देने की बात कही भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस मामले में जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। उनकी मांगों में पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, बच्ची के 18 वर्ष की होने तक उसकी पढ़ाई और शादी का खर्च सरकार द्वारा वहन करना, और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराना शामिल है। उन्होंने दोषी की उम्र की जांच की भी मांग की। संजीव तोमर ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो 29 जून को लखनऊ कूच किया जाएगा और मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### यूपी में सोते वक्त पति को पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाया

**मरने से पहले बोला- प्रेमी संग मिलकर आग लगाई; 10 साल पहले हुई थी शादी**

बागपत , यूपी के बागपत में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को जिंदा जला दिया। रात में सोते समय पत्नी ने पहले प्रेमी से मंगवाए पेट्रोल को पति पर छिड़का। फिर उसे आग लगा दी। आग की लपटों में घिरा युवक चीखता हुआ घर से बाहर भागा। जलते हुए युवक को देख आसपास के लोग भागते हुए उसके पास पहुंचे। किसी तरह आग को बुझाया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने युवक को मेरठ जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक सप्ताह तक इलाज चलने के बाद शुक्रवार रात युवक की मौत हो गई। मरने से पहले युवक ने पुलिस को बताया- पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर मुझे जलाया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 20 जून को जिला मुख्यालय से करीब 38 किमी दूर बिनौली थाना क्षेत्र में हुई थी। राजीव (40) बिजवाड़ा गांव का रहने वाला था। परिवार में पत्नी नीशू (37), बेटी परी (9), बेटा कल्लू (7), शिवा (4) और पिता सतबीर सिंह (62) हैं। राजीव और नीशू की 10 साल पहले शादी हुई थी। राजीव मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक, नीशू का पड़ोसी विक्रांत (40) से पांच साल से अफेयर चल रहा था। तीन महीने पहले राजीव को इसकी जानकारी हो गई थी। उसने दोनों को मिलने से मना किया, लेकिन वे नहीं माने। आरोप है कि इसी दौरान दोनों ने राजीव को रास्ते से हटाने की साजिश रची। 20 जून की शाम राजीव काम से घर लौटा। उसने पत्नी के साथ खाना खाया और रात 11 बजे कमरे में सोने चला गया। पत्नी नीशू बच्चों को लेकर दूसरे कमरे में चली गई आरोप है कि रात करीब एक बजे, जब राजीव गहरी नींद में था, तब नीशू ने विक्रांत को घर बुलाया। वह दो लीटर पेट्रोल लेकर पहुंचा।

# अखिलेश के कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ताओं का हंगामा

## मेजा विधायक के खिलाफ लगाए मुदार्बाद के नारे, टिकट बदलने की मांग

**अमन लेखनी समाचार**




प्रयागराज , समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रयागराज दौरे के दौरान सोमवार को पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ गया। उनके कार्यक्रम स्थल के बाहर पहुंचे कुछ सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव जिंदाबाद के साथ मेजा विधायक संदीप पटेल के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। खुद को मेजा विधानसभा क्षेत्र का निवासी और सपा कार्यकर्ता बताने वाले प्रदर्शनकारियों ने विधायक संदीप पटेल पर वित्तीय अनियमितताओं समेत कई गंभीर आरोप लगाए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे अपनी शिकायत सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर आए हैं। टिकट बदलने की मांग नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मेजा सीट से संदीप पटेल का टिकट बदला जाए। उनका आरोप था कि वर्तमान विधायक के प्रति क्षेत्र में नाराजगी है और यदि पार्टी उन्हें दोबारा उम्मीदवार बनाती है तो इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने किसी अन्य सक्रिय कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की। हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे थे विरोध कर रहे सपा कार्यकर्ता हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। इन तख्तियों के जरिए उन्होंने मेजा विधायक संदीप पटेल के खिलाफ अपना विरोध जताया। एक तख्ती पर लिखा था, अखिलेश यादव से बैर नहीं, संदीप पटेल की खैर नहीं। वहीं दूसरी तख्ती पर लिखा था, गली-गली में शोर है, मेजा विधायक कमीशनखोर है। कार्यकर्ताओं ने इन नारों के साथ विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से हस्तक्षेप की मांग की। उनका कहना था कि पार्टी नेतृत्व उनकी शिकायत सुने और आगामी विधानसभा चुनाव में मेजा सीट से नए उम्मीदवार को मौका दे। कार्यक्रम स्थल के बाहर फैली अफरातफरी कार्यक्रम स्थल के बाहर कुछ देर तक नारेबाजी के चलते हलचल का माहौल बना रहा। मौजूद पुलिस और पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। हालांकि प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे और कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर अपना पक्ष रखना चाहते हैं।

# पत्नी और बच्चों का हाईकोर्ट ने बढ़ाया गुजारा भत्ता

## हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का आदेश संशोधित किया, कहा-जरूरत पर ध्यान दें

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज,इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भरण-पोषण तय करने के मामलों में अदालतों को तकनीकी आधार पर नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और आश्रितों की गरिमापूर्ण जीवन-यापन की जरूरतों को ध्यान में रखकर निर्णय देना चाहिए। न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की एकल पीठ ने बुलंदशहर फैमिली कोर्ट के आदेश को आंशिक रूप से निरस्त करते हुए पत्नी और दो नाबालिग बच्चों के भरण-पोषण की राशि बढ़ा दी ।मामले में फैमिली कोर्ट ने पत्नी को भरण-पोषण देने से इनकार कर दिया था और दोनों बच्चों को केवल 3-3 हजार रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए पत्नी और बच्चों ने हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि धारा 125 सीआरपीसी की कार्यवाही का उद्देश्य परित्यक्त पत्नी और आश्रित बच्चों को आर्थिक सुरक्षा देना है। ऐसे मामलों में अदालत को वैवाहिक विवादों की विस्तृत सुनवाई की तरह कठोर साक्ष्यों की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। यदि पति ने भरण-पोषण देना बंद कर दिया है और पति-पत्नी के बीच गंभीर वैवाहिक विवाद है, तो यह पत्नी के अलग रहने का उचित आधार माना जा सकता है। अदालत ने यह भी माना कि पति, जो सेना से सेवानिवृत्त है और पेंशन प्राप्त करता है, अपनी पत्नी और दो स्कूली बच्चों के भरण-पोषण से बच नहीं सकता। बच्चों को 3-3 हजार रुपये प्रतिमाह देना वर्तमान परिस्थितियों में अपर्याप्त और अव्यावहारिक है। फैमिली कोर्ट का आदेश संशोधित हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का आदेश संशोधित करते हुए पत्नी के लिए 5 हजार रुपये प्रतिमाह तथा दोनों नाबालिग बच्चों के लिए 4-4 हजार रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण निर्धारित किया।

# अवैध ई-रिक्शा पार्किंग में आग

**30 ई-रिक्शा जले, संचालक फरार; चार्जिंग के नाम पर वसूली का आरोप**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , मेडिकल थाना क्षेत्र के जागृति विहार में आनंद हॉस्पिटल के सामने एक अवैध ई-रिक्शा पार्किंग में देर रात आग लग गई। इस घटना में करीब 30 ई-रिक्शा जलकर राख हो गए, जिससे लगभग 40 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना के बाद से पार्किंग संचालक फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है ।जागृति विहार सेक्टर-5 निवासी सतपाल पेंटर इस पार्किंग का अवैध रूप से संचालन कर रहा था। बताया जाता है कि यहां प्रतिदिन लगभग 100 ई-रिक्शा खड़े किए जाते थे और सतपाल प्रत्येक चालक से पार्किंग व चार्जिंग के नाम पर 300 रुपये वसूलता था। रात करीब 3:30 बजे पार्किंग में अचानक आग लगी, जिसने देखते ही देखते कई ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। शनिवार सुबह जब ई-रिक्शा चालक अपनी गाड़ियां लेने पहुंचे, तो जले हुए रिक्शा देखकर वे हैरान रह गए। पीड़ितों में लक्ष्मण, विनोद, तेजेंद्र (जागृति विहार सेक्टर-2), संजय (औरंगाबाद), कुलदीप (शास्त्रीनगर) और मोनू कुमार (माछरा) सहित कई चालक शामिल हैं। सभी ने मौके पर हंगामा करते हुए अपने नुकसान की भरपाई की मांग की। सूचना मिलने पर मेडिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक आशंका है कि आग चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से लगी होगी, हालांकि इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि अवैध पार्किंग के संचालन और वहां अपनाए गए ।सुरक्षा मानकों की भी जांच की जा रही है। पार्किंग संचालक सतपाल घटना के बाद से फरार है और पुलिस टीमें उसकी तलाश में जुटी हुई हैं। आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा विस्तृत जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक ने हड़ताल की घोषणा की

## मेरठ में ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में सरकार को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**




मवाना ,बार एसोसिएशन, मवाना सिविल बार एसोसिएशन और दस्तावेज लेखक एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की। यह हड़ताल प्रदेश सरकार की ई-रजिस्ट्रीकरण व्यवस्था के तहत अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से दस्तावेजों के पंजीकरण संबंधी आदेश के विरोध में की गई है। अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प वेंडरों और टाइपिस्टों ने सरकार के इस निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। सुबह करीब 10:15 बजे बार हॉल में एक संयुक्त आमसभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार कंसल, राजेंद्र तोमर और दस्तावेज लेखक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार दीक्षित ने की। सभा का संचालन संयुक्त सचिव सुनील कुमार एडवोकेट और सचिव नटवर सिंह राणा एडवोकेट ने किया ।बैठक में संयुक्त बार एसोसिएशन के सदस्यों, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प वेंडरों और टाइपिस्टों ने ई-रजिस्ट्री व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। वक्ताओं ने बताया कि इस नई प्रणाली से पारंपरिक दस्तावेज लेखकों और अधिवक्ताओं के कार्य तथा आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जून 2026 से सभी अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टाम्प वेंडर और टाइपिस्ट अनिश्चितकाल तक अपने चैंबर बंद रखेंगे और कोई कार्य नहीं करेंगे। इसके अतिरिक्त, सभी सदस्य प्रतिदिन रजिस्ट्री कार्यालय में धरना-प्रदर्शन कर सरकार से इस आदेश को वापस लेने की मांग करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मवाना को सौंपा। उन्होंने प्रदेश सरकार से ई-रजिस्ट्री संबंधी आदेश पर पुनर्विचार करने और अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों के हितों की रक्षा करने की मांग की।

# 25 हजार की इनामी सुमन मिश्रा गिरफ्तार

**नौकरी के नाम पर डॉक्टर से ठगी, अमित मिरिंडा गैंग कनेक्शन की जांच**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ ,पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर डॉक्टर दंपति से 70 लाख रुपये की ठगी के मामले में फरार चल रही 25 हजार रुपये की इनामी आरोपी सुमन मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। सुमन मिश्रा पिछले दो साल से फरार थी और उसे लखनऊ से पकड़ा गया। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, सुमन मिश्रा और उसके पति पंकज मिश्रा पर एक डॉक्टर दंपति को सरकारी नौकरी का झांसा देकर 70 लाख रुपये ठगने का आरोप है। इस संबंध में वर्ष 2025 में टीपीनगर थाने में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने सुमन के पति पंकज मिश्रा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।जांच के दौरान पुलिस को एक और महत्वपूर्ण जानकारी मिली। आरोप है कि मेरठ जेल में बंद रहने के दौरान पंकज मिश्रा की मुलाकात गैंगस्टर अमित मिरिंडा से हुई थी। पुलिस के मुताबिक, दोनों के बीच विरोधियों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की कथित साजिश को लेकर करीब 50 लाख रुपये की डील हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद मिरिंडा ने अपने गैंग के सक्रिय सदस्यों गोविंद मोहन शर्मा और आशीष कुमार के माध्यम से इस साजिश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। इस मामले का खुलासा होने पर नौचंदी थाना पुलिस ने नवंबर 2025 में गोविंद मोहन शर्मा और आशीष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गोविंद मोहन शर्मा वर्तमान में मेरठ जेल में बंद है, जबकि आशीष कुमार हाईकोर्ट से जमानत पर बाहर है। पुलिस का आरोप है कि पंकज मिश्रा के इशारे पर ही चिकित्सक दंपति को फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रची गई थी ।गैंगस्टर अमित मिरिंडा इस समय लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर रंगदारी मांगने के एक मामले में बेंगलुरु जेल में बंद है।

# चेन लूट की रिपोर्ट लिखाने पर मां-बेटे का सिर फोड़ा

## गाजियाबाद में दबंगों ने सिर पर हथियार से मारा,समझौते का बना रहे दबाव

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद ,मोदीनगर की संजय नगर कॉलोनी में सोने की चेन लूट की शिकायत दर्ज कराने पर एक महिला और उसके बेटे पर हमला हुआ है। आरोप है कि रिपोर्ट वापस लेने और समझौता करने का दबाव बना रहे दबंगों ने देर रात मां-बेटे को पीटा। हमले में दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।दो दिन पहले बेटे से लूटी गई थी सोने की चेनपीड़िता पूनम उपाध्याय ने बताया कि दो दिन पहले उनका बेटा मुकुल ई-रिक्शा लेने जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाश उसके गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में उन्होंने कॉलोनी निवासी रिंकू और बादल के खिलाफ मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद बनाया जा रहा था समझौते का दबाव महिला का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी पक्ष लगातार समझौता करने का दबाव बना रहा था। समझौता न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दी जा रही थीं। ब्यूटी पार्लर से लौटते समय किया हमला रात करीब 12 बजे पूनम उपाध्याय अपना ब्यूटी पार्लर बंद कर घर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में दबंगों ने उन्हें रोककर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बेटा मुकुल उन्हें बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि धारदार हथियार से वार कर मां और बेटे दोनों का सिर फोड़ दिया गया। पुलिस बोली- जल्द होगी गिरफ्तारी घटना के बाद पीड़िता मोदीनगर थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कालू-गोलू गैंग के चार बदमाश अन्य जेलों में शिफ्ट

## सोशल मीडिया वार को देखते हुए किया गया शिफ्ट, गैंग वार की बढ़ी थी संभावना

**अमन लेखनी समाचार**




मेरठ ,चौधरी चरण सिंह जिला जेल में बंद कुछ कुख्यात बदमाश आगामी समय में चुनावी माहौल ना बिगाड़ दें, इसकी संभावनाओं को भापते हुए प्रशासन ने अभी से उठा पटक शुरू कर दी है। मेरठ जेल में बंद चार बदमाशों को प्रदेश की दूसरी जेलों में शिफ्ट किया गया है। खास बात यह है कि यह चारों बदमाश दो अलग अलग गिरोह के सदस्य हैं जो अब अलग अलग जेलों में रहेंगे किला परीक्षितगढ़ के कालू और दौराला के गोलू गैंग में काफी समय से वर्चस्व की जंग चली जा रही है। कई घटनाएं हो चुकी है जिनमें यह दोनों गैंग एक दूसरे को नुकसान पहुंचाकर पुलिस प्रशासन के लिए सर दर्द बने हैं। मेरठ जेल में इन दिनों दोनों गैंग के कई बदमाश बंद है, जिनमें से सिद्धार्थ विनीत और हर्ष समेत चार बदमाशों को दूसरी जेल में शिफ्ट किया गया है। अफसर का मानना था कि अगर जल्द ही इन्हें शिफ्ट नहीं किया गया तो उनके बीच गैंगवार हो सकती है। दोनों गैंग के दो-दो सदस्य हुए शिफ्ट जिला जेल से जिन चार बदमाशों को दूसरी जेल में शिफ्ट किया गया है उनमें हक्का गुर्जर डेरियो उर्फ हर्ष और सिद्धार्थ कसाना कालू गैंग के सदस्य हैं जबकि विनीत बडोली व एक अन्य गोलू गैंग से जुड़े हैं। जेल सूत्रों की मानें तो इन चारों को अलग-अलग जेलों में भेजा गया है। इन जेल में गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, बागपत और बिजनौर की जेल शामिल हैं। सोशल मीडिया वार ने बढ़ाई मुसीबत जेल सूत्र बताते हैं कि कालू और गोलू गैंग के सदस्यों के बीच पिछले काफी समय से सोशल मीडिया वार चली आ रही थी। यह दोनों गैंग एक दूसरे के खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणी करते हैं इसके बाद बाहर का माहौल गर्मा जाता है। कुछ दिन पहले भी सिद्धार्थ और हर्ष की तरफ से सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट डलवाई गई, इसके बदले में गोलू गैंग के सदस्य ने भी पलटवार किया और कई पोस्ट डाली। लगातार बढ़ता जा रहा था तनाव इन पोस्ट के सोशल मीडिया पर डाले जाने के बाद टकराव के हालात बनने लगे थे। जेल के भीतर हुई घटना के बाद जेल प्रशासन की ओर से रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी गई। इस रिपोर्ट में जेल में बंद कालू और गोलू गैंग के कुछ सदस्यों को प्रदेश की अलग-अलग जेलों में शिफ्ट किए जाने की वकालत की गई थी। प्रक्रिया काफी समय से चल रही थी। यहां से प्रस्ताव शासन को भेजा गया। हाल ही में आदेश जारी हुए जिसके बाद चार बदमाशों को यहां से शिफ्ट कर दिया गया। सोशल मीडिया पर लगातार बढ़ रही थी पोस्ट चार बदमाशों को यहां से ट्रांसफर किए जाने की एक बड़ी वजह यह सोशल मीडिया पोस्ट ही है जिनकी संख्या लगातार बढ़ रही थी। जेल की भीतर रहकर जिस तरह से कमेंट डलवाये जा रहे थे, उसे देखकर अफसर अंदाजा लगाने लगे थे कि कभी भी इनमें वार हो सकती है।

हाल ही में सिद्धार्थ और हर्ष की तरफ से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डलवाई गई जिसमें विनीत का इलाज बाँधने की बात कही गई थी।

# ग्रेटर नोएडा में मां-बेटे पर जानलेवा हमला

**पुरानी रंजिश के चलते चार आरोपियों पर केस दर्ज**

**अमन लेखनी समाचार**



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला और उसके बेटे पर जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में महिला का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के शाम खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।पीड़ित फरजाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह वह अपने घर पर बैठी थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले सैफ अली उर्फ भोला, हसरत, सरवर और जुनैद उनके घर में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी ।विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से फरजाना और उनके बेटे आकिल पर हमला कर दिया। हमले में आकिल के एक हाथ में गंभीर चोट आई। परिजन उसे तत्काल पास के अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते उसे ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया ।पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी विवाद के चलते सुनियोजित तरीके से यह हमला किया गया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल भी देखा गया।

# साइबर ठगों को खाता प्रोवाइड कराने वाला गिरफ्तार

## नोएडा में ठगी के 9 लाख रुपए अकाउंट में आए थे, 45 हजार कमीशन मिला था

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा ,साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बैंक खाते की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह की मदद करने वाले एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है ।आरोपी साइबर अपराधियों को अपना बैंक खाता किराए पर उपलब्ध कराता था, ताकि ठगी की रकम उसमें जमा कराई जा सके। आरोपी के खाते में एक मामले से जुड़े नौ लाख रुपए ट्रांसफर हुए थे। इसके बदले उसे 45 हजार रुपए कमीशन मिला था। बैंक खाते की केवाईसी अपडेट कराई डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि साइबर क्राइम थाना पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को 25 जून को दिल्ली से गिरफ्तार किया ।पुलिस के मुताबिक साइबर ठग खुद को बैंक मैनेजर ताकर लोगों को कॉल करते थे। वे बैंक खाते की केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर लोगों से गोपनीय जानकारी हासिल कर उनके साथ धोखाधड़ी करते थे ।अलग-अलग बैंक खातों का करता प्रयोग ठगी की रकम को छिपाने के लिए गिरोह अलग-अलग लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी ने अपना बैंक खाता साइबर अपराधियों को किराए पर दिया था। ठगी से मिले नौ लाख रुपए उसके खाते में ट्रांसफर किए गए थे। बाद में यह रकम आगे दूसरे खातों में भेज दी गई। इसके बदले आरोपी को 45 हजार रुपए मिले थे।

# सीएम की सुरक्षा के लिए 1500 पुलिस कर्मी तैनात

## ग्रेटर नोएडा और नोएडा में करीब छह घंटे रहेंगे, सीसीटीवी और कंट्रोल रूम से निगरानी

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब एक बजे नोएडा पहुंचेंगे और शाम छह बजे तक नोएडा और ग्रेटर नोएडा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पुलिस और जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। उनकी सुरक्षा में 1500 से अधिक पुलिसकर्मी और अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पांच कंपनी पीएसी भी लगाई गई है। पूरे कार्यक्रम की निगरानी कंट्रोल रूम से की जाएगी ।कार्यक्रम स्थल से हेलिपैड तक कड़ा सुरक्षा घेरापुलिस अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री के दौरे के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। कार्यक्रम स्थल, हेलिपैड, पार्किंग, प्रवेश और निकास मार्गों के साथ आसपास के संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी भी भीड़ के बीच मौजूद रहेंगे। वहीं बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और एंटी सबोटाज टीम पहले ही पूरे परिसर की गहन जांच करेगी। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले अधिकारियों ने बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, पार्किंग व्यवस्था, आपातकालीन निकास मार्ग और वीवीआईपी मूवमेंट के रूट का निरीक्षण किया।

# शिक्षामित्र संघ की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**खोराबार ब्लॉक में सुभाष अध्यक्ष व सीमा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की एक आवश्यक बैठक पंत पार्क में आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम नगीना निषाद ने की, जबकि संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ने किया। बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय और ऊजार्वान शिक्षामित्रों को जिम्मेदारी देने पर सहमति बनी। इसी क्रम में खोराबार ब्लॉक के शिक्षामित्र सुभाष को ब्लॉक अध्यक्ष तथा सीमा को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष राम नगीना निषाद ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत सभी शिक्षामित्रों से रसीद कटवाकर वास्तविक सदस्य संख्या का आकलन किया जाएगा। इससे संगठन के लिए एक कोष भी तैयार होगा, जो भविष्य की गतिविधियों में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों की समस्याओं को संगठन मजबूती से सरकार के समक्ष उठा रहा है और सरकार भी उन पर विचार कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिक्षामित्रों को भी भविष्य में शिक्षकों के समान सम्मान और सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही विभागीय टीईटी में शिक्षामित्रों को शामिल करने की मांग भी दोहराई। बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों ने भाग लिया और संगठन की एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# NDPS Act से संबंधित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दृष्टिगत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज के मार्गदर्शन में आज दिनांक 28.06.2026 को उ0नि0 दिनेश सिंह यादव मय हमराह उ0नि0 लालचन्द वर्मा के द्वारा ई-सम्मन मु0अ0सं0 508/2010 धारा 8/20 ठऊढर अू३ से संबंधित वारण्टी जगदम्बा सिंह बहेलिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया

# एसपी ग्रामीण ने ककरबई थाने का किया निरीक्षण, अभिलेखों व व्यवस्थाओं की परखी हकीकत

अमन लेखनी समाचार



ककरबई (झांसी)। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. अरविंद कुमार ने थाना ककरबई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ग्रामीण ने सक्रिय अपराधी रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, शस्त्र लाइसेंस रजिस्टर, ग्राम प्रहरी रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, खुराक रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, ऑर्डर बुक, पुलिस मरम्मत रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही मिशन शक्ति कक्ष में महिलाओं से संबंधित उत्पीड़न रजिस्टर का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, मैस एवं थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। परिसर में खड़े वाहनों का निरीक्षण करने के साथ ही थाना प्रांगण में एक फलदार वृक्ष का पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेंद्र तिवारी ने भी वृक्षारोपण किया। एसपी ग्रामीण ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे महिला एवं पुरुष रिक्रूट सिपाहियों से बातचीत कर उनके आवास, भोजन, पेयजल एवं ड्यूटी संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजने तथा थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि न होने देने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ग्रामीण ने ककरवई में पैदल गश्त करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

पत्रकारों से बातचीत में एसपी ग्रामीण ने बताया कि निरीक्षण के दौरान थाना की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। कुछ छोटी-मोटी कमियां सामने आई हैं, जिनमें सुधार के लिए थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक विजय शंकर मिश्रा, एसआई अशोक कुमार, अंकित पवार, पेशकार देवराज सिंह, मुंशी आशीष यादव, अनुज कुमार, काव्य गौतम, थाना स्टाफ एवं थाना क्षेत्र के ग्राम चौकीदार उपस्थित रहे।

खास समाचार

## ओबरा पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म एवं गर्भपात कराने एवं एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक ओबरा सदानन्द राय के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना ओबरा पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गर्भपात कराने एवं एससी/एसटी एक्ट से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वादिनी द्वारा थाना ओबरा पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान अभियुक्त सुनील कुमार मौर्या से हुई। अभियुक्त ने विवाह का झांसा देकर कई वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। गर्भधारण होने पर अभियुक्त उसे नोएडा ले गया, जहां विवाह का आश्वासन देकर गर्भपात कराने हेतु दबाव बनाया तथा उसकी जानकारी के बिना गर्भपात संबंधी दवा देकर दिनांक 27.05.2026 को एक निजी अस्पताल में गर्भपात कराया। बाद में विवाह की बात करने पर अभियुक्त एवं उसके परिजनों द्वारा मारपीट, अभद्रता एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0-132 /2026, धारा 69, 89, 115(2), 352 बीएनएस तथा धारा 3(2)(५), 3(1)(द), 3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना ओबरा पुलिस द्वारा अभियुक्त की तलाश हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर दिनांक 28.06.2026 को समय करीब 06:10 बजे शारदा मंदिर, ओबरा के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय भेजा गया।

## जनपद में स्थानान्तरण बना दिखावा, नहीं रिलीव हो रहे स्थानान्तरित पुलिसकर्मी

सोनहा थाना में तैनात पुलिसकर्मी पंकज कुमार कुशवाहा व अजय कुमार से जुड़ा मामला

अमन लेखनी समाचार




बस्ती। जनपद में तैनात पुलिसकर्मियों के स्थानान्तरण के बाबजूद रिलीव न किए जाने से जिम्मेदारों के ऊपर उँगलियाँ उठना शुरू हो गयी हैं और इस बात को लेकर जनपद में पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठना भी शुरू हो गया है। पुलिस अधीक्षक बस्ती ने विगत 8 मई 2026 को विशेष ड्युटी का हवाला देते हुए थानों पर तैनात कुछ पुलिस कर्मियों का स्थानान्तरण पुलिस लाइन बस्ती - हेतु किया था जिसमें से कुछ पुलिस कर्मी थानों से रिलीव हो गए हैं और कुछ अभी थानों पर ही जमें हुए हैं । इसी क्रम में जनपद के सोनहा थाने पर तैनात कुछ पुलिस कर्मियों के भी स्थानान्तरण हुए थे जिसमें से पंकज कुमार कुशवाहा व अजय कुमार अभी थाने से रिलीव नहीं हुए हैं। स्थानान्तरित पुलिस कर्मियों के रिलीव न होने को लेकर जहाँ एक ओर जनपद में चचाओं का दौर जारी है तो वही दूसरी ओर पुलिस के जिम्मेदारों के ऊपर उँगलियाँ भी उठना शुरू हो गयी है।

# सीएसआर रेनुसागर द्वारा विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**शिविर में चिकित्सकों ने 153 लाभार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण।**

अमन लेखनी समाचार



अनपरा सोनभद्र।हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी. सिंह के मार्गदर्शन एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के दिशा निर्देशन में ग्रामीण विकास विभाग, रेनुसागर द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (उरफ) के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल कन्या विद्यालय में विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क पंजीकरण कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में रेनुसागर चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इसमें फिजीशियन डॉ. मनोज कुमार, एवं दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित समस्याओं के आधार पर मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किया। शिविर में कुल 153 लाभार्थियों से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह दंत परीक्षण कर उन्हें टूथपेस्ट एवं ब्रश वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित मरीजों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए विशेष चिकित्सा शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर द्वारा सीएसआर के तहत दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु समय-समय पर ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।इस अवसर पर सभासद अनपरा नगर पंचायत अंगद सिंह, अजित सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी राजनाथ यादव, रमेश गुप्ता, आशा तिवारी एवं रेखा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# TET पेपर लीक मामला; शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दें-सुजात आंबेडकर

अमन लेखनी समाचार



चालीसगांवः, देशभर में NEET पेपर लीक की घटनाओं के कारण छात्रों को भारी शैक्षणिक नुकसान झेलना पड़ा है। ऐसे में अब महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) का पेपर लीक होने की घटना सामने आने से राज्य की परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस पृष्ठभूमि में वंचित बहुजन आघाड़ी के नेता सुजात आंबेडकर ने राज्य सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए मांग की है कि शिक्षा मंत्री दादा भुसे नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। वे चालीसगांव में आयोजित बहुजन संवाद महासभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सुजात आंबेडकर ने कहा कि देशभर में NEET पेपर लीक के कारण पहले ही लाखों छात्रों को मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। छात्र और अभिभावक अभी उस सदमे से उबर भी नहीं पाए थे कि महाराष्ट्र में TET परीक्षा का पेपर लीक होने की घटना सामने आ गई। इस परीक्षा में लगभग 6 लाख विद्यार्थी शामिल होने वाले थे। अनेक छात्रों ने वर्षों तक कठिन मेहनत की, आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हुए इस परीक्षा की तैयारी की थी। लेकिन पेपर लीक होने से उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर गया। उन्होंने आगे कहा कि पेपर लीक केवल एक प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ किया गया एक गंभीर अपराध है। बार-बार होने वाली पेपर लीक की घटनाओं से छात्रों का परीक्षा व्यवस्था पर विश्वास लगातार कमजोर होता जा रहा है। सरकार हर बार जांच और कार्रवाई की घोषणा करती है, लेकिन ऐसी घटनाएं रुक नहीं रही हैं, जिससे प्रशासन की विफलता साफ दिखाई देती है।

# रेलकर्मियों ने OPS से निजीकरण तक 13 मांगें उठाईं, AIGC महाधिवेशन में आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र (चोपन)। ऑल इंडिया गाड्र्स काउंसिल के पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल का 22वां द्विवार्षिक महाधिवेशन रविवार को चोपन स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया। सम्मेलन में चोपन, सिंगरौली, रेणुकूट और शक्तिनगर शाखाओं के ट्रेन मैनेजर (गार्ड) एवं संगठन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए महाधिवेशन में रेल कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कुल 13 प्रमुख मांगों को सरकार एवं रेलवे प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया गया। वक्ताओं ने नई पेंशन योजना और यूनिफाइड पेंशन स्कीम को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को सबसे प्रमुख मुद्दा बताया। इसके साथ ही रेलवे के निजीकरण पर रोक लगाने, ड्रेस अलाउंस में बढ़ोतरी, सभी रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, नौ घंटे से अधिक ड्यूटी समाप्त करने, रनिंग अलाउंस में 25 प्रतिशत वृद्धि, समय पर विश्राम एवं साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने, ट्रेन मैनेजर का एंट्री लेवल पे-लेवल-6 करने, स्टेशन खंड में हैंड ब्रेक बांधने की अनिवार्यता समाप्त करने, मजदूर विरोधी बताए जा रहे लेबर कोड को वापस लेने, निर्धारित प्रिपरेटरी रेस्ट देने तथा ट्रेन मैनेजरों के लिए 30 प्रतिशत पद आरक्षित करने सहित अन्य मांगों पर प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन के नेताओं ने कहा कि रेल कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा। उन्होंने कर्मचारियों से संगठन की एकजुटता बनाए रखने और अधिकारों की लड़ाई को और मजबूत करने का आह्वान किया महाधिवेशन में संगठन की भावी रणनीति पर भी विस्तार से मंथन किया गया तथा विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जोनल प्रेसिडेंट ए. एन. लाल, ए. के. ठाकुर, जोनल ट्रेजरर रामाशीष कुमार, ए. के. पांडेय, केदार प्रसाद, आर. एल. यादव, विजय मिश्रा, संतोष कुमार, हीरालाल वर्मा, एस. एन. प्रसाद, प्रमोद कुमार, एल. पी. सिंह, जे. के. तिवारी, ए. के. सिन्हा, रंजीत कुमार सहित विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी एवं दर्जनों ट्रेन मैनेजर (गार्ड) इत्यादि उपस्थित रहे।

# घर के पास शराब पीने से रोका तो दबंगों ने घर में घुसकर मारा पीटाः एसपी से लगाया न्याय की गुहार

**आरोपी दे रहे हैं जान से मारने की धमकी: गंभीर धारा लगाकर कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



बस्ती। घर के निकट शराब पीने से रोका तो दबंगों ने घर में घुसकर मारा पीटा। इस मामले में दुबौलिया थाना क्षेत्र के अशोकपुर जेठू पुरवा निवासी रामकिशुन ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा अपराध संख्या 125/2026 में गंभीर धाराएं बढ़ाए जाने की मांग किया है। उनका आरोप है कि 25 जून की रात करीब 9 बजे गांव के कुछ लोगों ने उन्हें तथा उनके परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दबंग 15 से 20 की संख्या में थे और महिलाओं का गहना, सामान लेकर चले गये, गाडी को तोड़ दिया और अब पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई, गिरफ्तारी न किये जाने से उनका मनोबल बढ गया है और परिजनों को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। दुबौलिया थाने पर दिये तहरीर में अशोकपुर जेठू पुरवा निवासी रामकिशुन ने कहा है कि गत 25 जून को रात में वह अपने घर पर बैठा था तभी पुरानी रंजिश को लेकर रामजनक, रामनयन पुत्रगण स्वर्गीय रामचेत, मोनू पुत्र श्यामू मोहन पुत्र बल्लू निवासी बड़का पुरवा मिलकर उसके घर आकर गाली गुप्ता देने लगे । गाली देने से मना करने पर वे लोग लात मूका लाठी डंडा से उसे मारने लगे और बचाने आयी उसकी पत्नी शोभावती, मनीष पुत्र रामकिशुन, सोनू पुत्र रामकिशुन व राजन पुत्र रामकिशुन व जानकी पत्नी मनीष व उषा पत्नी बालकिशुन, पुष्पा पुत्री बालकिशुन उक्त विपक्षीगण लाठी डंडा से मारने लगे जिस से गम्भीर चोटे आई है। विपक्षी घर में रखा बर्तन व अन्य सामान तोड़ दिये तथा उषा पत्नी बाल किशुन के भी घर सामान तोड़ दिये तथा जान से मारने की धमकी देते भाग गये। इसी प्रकरण में अशोकपुर जेठू पुरवा निवासिनी संगम निषाद पत्नी राजाराम निषाद ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर राम नयन, मोहन, मोनू, रंजीत, संगम, वीरू, जोगिन्दर निवासी अशोकपुर बडकापुर पुरवा के विरूद्ध मारपीट, तोड़फोड, लूटपाट आदि के मामले में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की मांग किया है। पीड़ित रामकिशुन के अनुसार हमले में उनकी पत्नी सुभावती समेत सोनू, राजन और मनीष के सिर में गंभीर चोटें आईं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के बाद सुभावती की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़ित का कहना है कि सिर में गंभीर चोट के कारण चिकित्सकों ने लगातार निगरानी की सलाह दी है और उन्हें चक्कर आने की शिकायत भी बनी हुई है। रामकिशुन ने आरोप लगाया कि विवेचक द्वारा मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर चोटों का उल्लेख होने के बावजूद मुकदमे में गंभीर धाराएं नहीं बढ़ाई गई हैं।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# बकायेदारों पर बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, 25 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे



अमन लेखनी समाचार

परतावल/महराजगंज। विद्युत वितरण खंड के भिटौली विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत सिसवा मुंशी फीडर क्षेत्र में बिजली विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ विशेष वसूली एवं जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान 10 हजार रुपये से अधिक बिजली बिल बकाया रखने वाले 25 बड़े उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिए गए। वहीं विभाग ने मौके पर ही उपभोक्ताओं से करीब 2.46 लाख रुपये की बकाया राशि भी जमा कराई। बिजली विभाग की इस कार्रवाई से बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कंप की स्थिति रही। विभागीय टीम ने सिसवा मुंशी चौराहे एवं आसपास के क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर बकाया बिलों की जांच की और निर्धारित सीमा से अधिक बकाया होने पर नियमानुसार कार्रवाई की। अवर अभियंता अनिकेत पाल ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर 10 हजार रुपये से अधिक का विद्युत बिल बकाया है और बार-बार नोटिस देने के बावजूद भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय से अपना बिजली बिल जमा करें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। विशेष अभियान में अवर अभियंता अनिकेत पाल के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारी अभय वर्मा, ललमान गुप्ता, मोहम्मद नबी, बृजेश, सरवर यादव, मनोज कुमार, वरिष्ठ सिंह, गजेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## बेटियों के साथ भेदभाव के मुद्दे को उजागर करेगी 'रेवा'

मुंबई। 'रेवाः द अनसीन वुंड' एक ऐसी शॉर्ट फिल्म है। यह फिल्म समाज में लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव के गंभीर मुद्दे को सामने लाती है। निर्देशक पराग चापेकर एक शॉर्ट फिल्म लेकर आए हैं। इस फिल्म का नाम 'रेवा' है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है। इसमें रावी कौर लुबाना ने रेवा का किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माताओं ने बताया कि यह कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह एक ऐसी मासूम लड़की की दर्दनाक कहानी है, जिसे उसके अपने ही परिवार ने भेदभाव की वजह से मार डाला था। कई साल बाद, एक आध्यात्मिक जुड़ाव के जरिए उसका सच सबके सामने आता है, जो न्याय और पुनर्जन्म को दर्शाता है।

लाइफ Style

## ईशा
## काम के प्रति ईमानदार होने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ईशा सिंह ने अपनी फिल्म 'आब्सेस' में सभी एक्शन सीन खुद किए और अब और एक्शन फिल्में करने को तैयार है। हिंदी सिनेमा में इन दिनों अभिनेत्रियों को भी केंद्र में रखकर कई बड़ी एक्शन फिल्में बनाई जा रही हैं।

आगामी दिनों में प्रदर्शन की कतार में शामिल अल्फा तथा शक्ति शालिनी जैसी फिल्में इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इस चलन को हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियां एक सकारात्मक बदलाव की तरफ देख रही हैं। साल 2022 में फिल्म मिडिल क्लास लव से फिल्मों में कदम रखने वाली अभिनेत्री ईशा ने अपनी हालिया प्रदर्शित फिल्म आब्सेस के लिए सारे एक्शन सीन स्वयं किया। आगे वह और भी एक्शन फिल्में करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उसे अपनी बेवकूफी की वजह से चोट लगी थी। ईशा ने टीवी धारावाहिकों से शुरुआत के बाद फिल्मों में अपनी राह बनाई। टीवी से फिल्मों के लिए प्रयासरत कई कलाकारों की शिकायत होती है कि टीवी कलाकार वाली छवि पीछा नहीं छोड़ती है। ईशा कहती हैं, 'मैंने तो टीवी में काम करने के बाद अनुभव सिन्हा के साथ एक फिल्म (मिडिल क्लास लव) की। फिर टीवी धारावाहिक किया और उसके बाद फिर फिल्म की। मुझे छवि जैसी कोई बात नहीं लगती है। बस कलाकार को अपने काम के प्रति ईमानदार होने की आवश्यकता है। मैंने अब तक अपनी तरफ से कठिन परिश्रम करने में कुछ भी बाकी नहीं छोड़ा है, बाकी तो ऊपरवाला देख ही रहा है।'




हॉलीवुड मसाला



## 10 साल बाद अलग हुए कोर्टनी-जॉनी

लॉस एंजिल्स। मशहूर अमेरिकी टीवी शो 'फ्रेंड्स' की अभिनेत्री कोर्टनी कॉक्स और 'स्नो पेट्रोल' बैंड के म्यूजिशियन जॉनी मैकडैड का रिश्ता अब खत्म हो गया है। दोनों 10 साल से भी ज्यादा समय से साथ थे। कोर्टनी कॉक्स और जॉनी मैकडैड की मुलाकात साल 2013 के आखिर में एक हाउस पार्टी में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने डेटिंग शुरू की। रिश्ते के 9 महीने बाद ही दोनों ने सगाई कर ली थी, लेकिन 2015 के आखिर में उनकी सगाई टूट गई। साल 2016 में दोनों फिर से साथ आ गए, लेकिन इस बार उन्होंने दोबारा सगाई नहीं की।



## टायरेस ने की शिव की पूजा चढ़ाया दूध; मार्टिन को किया याद

मुंबई। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और सिंगर टायरेस गिब्सन हाल ही में भारत आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक संदेश शेयर करते हुए अपनी भारत की यात्रा को 'जिंदगी बदलने वाला' और एक आध्यात्मिक सफर बताया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारत का यह सफर उनके जीवन के एक बड़े और प्रेरणादायक बदलाव की शुरुआत है। टायरेस गिब्सन ने इंस्टाग्राम पर मुंबई के एक मंदिर की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिसमें वह शिवलिंग पर दूध चढ़ाते और आरती करते नजर आ रहे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने साल 1959 में डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर की भारत यात्रा का जिक्र किया। टायरेस ने लिखा, 'डॉ. मार्टिन लूथर किंग भी गांधी जी के विचारों को समझने भारत आए थे। उन्होंने कहा था कि ईसा मसीह ने उन्हें प्यार करना सिखाया, लेकिन महात्मा गांधी ने उन्हें अहिंसा का रास्ता दिखाया। उस यात्रा ने इतिहास बदल दिया था।'



## उर्वशी पर चढ़ा फुटबॉल वर्ल्ड कप का बुखार

मुंबई। इन दिनों देश और दुनिया भर के फुटबॉल फैंस खुशी से झूम रहे हैं। फीफा वर्ल्ड का खुमार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला भी फीफा वर्ल्ड कप के रंग में रंग गई है। एक्ट्रेस ने डांस वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों को अपना सपोर्ट दिखा रही हैं। उर्वशी ने रविवार को एक डांस वीडियो पोस्ट किया, इसमें वह कई चर्चित फुटबॉलर के सिग्नेचर स्टेप्स को डांस फॉर्म में कर रही हैं। जहां तक सपोर्ट की बात है तो उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'यूआर7 (उर्वशी रौतेला) की तरफ से रोनाल्डो यूआर 7 के लिए...।' इस तरह उर्वशी ने बता दिया कि उनके पसंदीदा फुटबॉल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। उनका जर्सी नंबर 7 हैं। उर्वशी रौतेला पिछले दिनों कान फेस्टिवल में अपने अलग-अलग लुक के लिए चर्चा में रहीं।



## भगवान राम व हनुमान से प्रेरित हैं रोल

मुंबई। 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी को दर्शकों का काफी प्यार मिला। इसकी दोनों फिल्में हिट रहीं। सर्किट और मुन्नाभाई की जोड़ी खूब पसंद की गई। हाल ही में राजकुमार हिरानी ने खुलासा किया कि ये दोनों किरदार भगवान राम और प्रभु हनुमान से प्रेरित हैं। मशहूर फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी का कहना है कि मुन्ना और सर्किट के किरदारों के बीच का रिश्ता ही उनकी 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी की लोकप्रियता की वजह है। राजू हिरानी ने हाल ही में तीसरे पार्ट पर बात की और कहा कि तीसरी फिल्म तभी आएगी, जब उन्हें कोई जबर्दस्त आइडिया मिलेगा। बता दें कि राजकुमार हिरानी ने साल 2003 में 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया। साल 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्नाभाई' आया। दोनों फिल्मों को दर्शकों से खूब प्यार मिला।

टीवी मसाला



## सुनीता ने खटपट की खबरों के बीच गोविंदा पर फिर कसा तंज

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के पहले ही एपिसोड में टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने अपने अलगाव की खबर सुनाई। वहीं, हर्षद चोपड़ा ने गर्लफ्रेंड से मिले धोखे की कहानी को बयां किया। इनके अलावा गोविंदा की पत्नी सुनीता ने भी इस शो पर ऐसी बातें कहीं, जो सुर्खियों में आ गई हैं। लॉकअप 2 के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख ने सुनीता के सामने एक खबर पढ़कर सुनाई। यह बयान सुनीता का ही था। खबर में लिखा था, 'जब तक पति पत्नी साथ हों तो अंखियों से गोली मारे। जब थर्ड पार्टी आ जाए तो घुटनों पर गोली मारे।' इस पर सुनीता ने जवाब दिया, 'सुन रहे हो चीची (गोविंदा) तो सुन लेना। घुटनों पर गोली तभी लगती है जब कोई लाइफ में आ जाती है। वो भी मैंने झूठ नहीं बोला। वह आगे कहती हैं, 'वैसे मेरा निशाना मिस नहीं होता है।' इस बात पर फराह भी कहती हैं कि सुनीता ने कहा था कि वह घुटनो पर नहीं सीने पर गोली मारती। बता दें कि गोविंदा को घर पर बंदूक साफ करते हुए घुटनों पर गोली लग गई थी। वह कई दिन हॉस्पिटल में रहे। इसी बात पर अब सुनीता ने तंज कसा है। कुछ महीने पहले सुनीता आहूजा ने एक पॉडकास्ट में अपने और गोविंदा के रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। इस बातचीत में उन्होंने गोविंदा पर धोखा देने का आरोप लगाया। पत्नी सुनीता के आरोपों पर गोविंदा ने खुलकर बात की है। अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया था।

## तलाक की खबर को लेकर ट्रोल्स के निशाने पर गौरव-आकांक्षा



नई दिल्ली। 'बिग बॉस 19' विनर और टीवी के चर्चित एक्टर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा ने रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में अपने अलगाव की बात सामने रखी। इस खबर को सुनकर फैंस चौंक गए। इस वजह से गौरव और आकांक्षा को ट्रोल भी कर रहे हैं। रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के शुरुआती एपिसोड में आकांक्षा चमोला ने बताया कि वह लगभग एक साल से पति गौरव खन्ना से अलग रह रही हैं। दोनों अलग होने की सोच रहे हैं। बीते दिनों इस कपल को जिस तरह से फैंस ने एक साथ देखा था, उससे अंदाजा लगाना मुश्किल था कि इनका डिवोर्स होने वाला है। वहीं, कुछ यूजर्स इस पूरे मामले को एक पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। एक यूजर ने गौरव और आकांक्षा के डिवोर्स की खबर पर कमेंट करते हुए लिखा, 'कोई डिवोर्स नहीं हो रहा है, टीआरपी और लाइमलाइट में आने के लिए हो रहा है।

## 'गुलाबी साड़ी' गाने में रितेश और अंजलि का तगड़ा डांस...

मुंबई। अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख जैसे कलाकारों से सजी फिल्म 'धमाल 4' का एक और गाना रिलीज हो गया है। संजू का 'गुलाबी साड़ी' नया ट्रैक है जिस पर फैंस भी झूम रहे हैं। गाने में अंजलि आनंद और रितेश ने कमाल का डांस किया है। 'धमाल 4' के रिलीज होने में दो हफ्ते से भी कम समय बचा है और इसका प्रमोशन जोर-शोर से चल रहा है। इसका ट्रेलर लॉन्च 12 जून को मुंबई के बाहरी इलाके में मौजूद मशहूर एम्यूजमेंट पार्क, 'इमैजिका' में हुआ था। अब हम आपके लिए 'धमाल 4' का एक और नया गाना लेकर आए हैं जो रविवार को ही रिलीज हुआ है और फैंस को ये खूब पसंद भी आ रहा है। 27 जून को रितेश देशमुख और अंजलि आनंद मुंबई के एक मॉल में 'धमाल 4' के गाने 'साड़ी' को बड़े शानदार तरीके से लॉन्च करने आए। दोनों कलाकारों ने मिलकर इस गाने पर लाइव परफॉर्मेंस दी और स्टेज पर धूम मचा दी। 'धमाल 4' का नया गाना है 'गुलाबी साड़ी', जिसे संजू ने गाया है जिन्होंने अपना ही ओरिजिनल वर्जन भी गाया था। उन्होंने इस गाने में भी मस्ती का तड़का लगाया है। गाने में अंजलि आनंद और रितेश देशमुख डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। संजीदा शेख और अरशद वारसी भी इसमें हैं।



अजय देवगन के सीन्स भी गाने में दिखाए गए हैं। 'साड़ी' मशहूर मराठी गाने 'गुलाबी साड़ी' का एक जोशीला, रीक्रिएटेड हिंदी वर्जन है, जिसे संजू राठौड़ ने गाया, कंपोज और लिखा है। इस गाने को भी उन्होंने ही आवाज दी है और वो वीडियो में दिखे भी हैं। इंद्र कुमार के डायरेक्शन में बनी 'धमाल 4' में इस फ्रैंचाइजी की कास्ट – अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी की वापसी हो रही है।

## वाराणसी में रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और बाप-बेटे की कहानी

नई दिल्ली। फिल्ममेकर एसएस राजामौली अभी फिल्म 'वाराणसी' की चल रही शूटिंग से ब्रेक लेकर यूरोप के दौरे पर हैं। फ्रांस में हुए एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्में 'आरआरआर' और 'ईगा' दिखाई गईं। डायरेक्टर ने एक मास्टरक्लास में अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात की और कन्फर्म किया कि 'बाहुबली' के उलट, यह फिल्म किसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं, बल्कि एक स्टैंडअलोन फिल्म होगी।



बातचीत के दौरान, राजामौली ने बताया कि दर्शक 'वाराणसी' से क्या उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'आप अंटार्कटिका की ठंड और बर्फ का अनुभव करेंगे। रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और शानदार फैक्ट्स - यही सब अनुभव आपको मिलेगा, लेकिन इन सबके केंद्र में पिता और पुत्र की भावनाएं हैं। यही सब मिलकर आपके लिए 'वाराणसी' बनाते हैं।' जब राजामौली से पूछा गया कि यह प्रोजेक्ट एक ही फिल्म होगी या कोई फ्रेंचाइजी, तो उन्होंने जवाब दिया, 'एक फिल्म। हां, एक फिल्म।' जब टीजर रिलीज हुआ, तो राजामौली ने यह भी बताया कि महेश बाबू फिल्म के एक सीन में भगवान राम का किरदार निभाएंगे। बाद में, राइटर विजयेन्द्र प्रसाद ने फिल्म के 30 मिनट के एक सीन के बारे में हिंट देते हुए कहा, 'यह राम और कुंभकर्ण के बीच की लड़ाई है। आपने ट्रेलर में देखा होगा, है ना? आपने राम और कुंभकर्ण को देखा। आपने भगवान हनुमान की पूंछ और उस पर एक रथ देखा। मैं उसी की बात कर रहा हूं... जो हैरान कर देने वाला है।' 'वाराणसी' हाल के सालों की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। राजामौली ने हाल ही में बताया कि फिल्म के मेन एक्शन सीन पहले ही पूरे हो चुके हैं और अक्टूबर तक शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है। यह फिल्म अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एसएस राजामौली के निर्देशन और विजयेन्द्र प्रसाद की लिखी कहानी वाली 'वाराणसी', 'आरआरआर' की ग्लोबल सफलता के बाद इस फिल्ममेकर की पहली फीचर फिल्म है।

हॉलीवुड को टक्कर देती है लव-क्राइम की ये कॉकटेल!

# 75 साल पहले गुरुदत्त ने बनाई थी भारत की पहली क्राइम नॉयर

*मुंबई। गुरुदत्त का नाम आते ही प्रेम और विरह, दर्द और संवेदना, दया और करुणा, मासूमियत और बेबसी जैसे शब्दों को परदे पर उतारनेवाले दृश्य याद आने लगते हैं। याद आती हैं उनकी फिल्में साहिब बीबी और गुलाम, प्यासा और कागज के फूल। ऐसा लगता है कि कम ही लोग इस बारे में जानते होंगे कि गुरुदत्त ने सिर्फ दर्द और संवेदना वाली फिल्में ही नहीं बनाई बल्कि उनकी शुरुआती फिल्में क्राइम स्टोरीज पर आधारित थी।*



### गुरुदत्त की पहली फिल्म

जब गुरुदत्त फिल्मों में काम करने आए थे तो उन्होंने क्राइम स्टोरीज पर फिल्म बनाने वाले ज्ञान मुखर्जी के साथ काम किया था। फिल्म निर्देशन की बारीकियां उनसे ही सीखीं। देवानंद की फिल्म कंपनी नवकेतन के लिए गुरुदत्त को पहली बार फिल्म निर्देशित करने का अवसर मिला। फिल्म थी 'बाजी',जो 1 जुलाई 1951 को प्रदर्शित हुई थी। गुरुदत्त 39 की उम्र में दुनिया से चले गए । कम उम्र में ही उन्होंने कई कल्ट फिल्में बनाईं जिनका विश्लेषण अब भी होता रहता है। इन कल्ट मानी जाने वाली फिल्मों के अलावा गुरुदत्त ने क्राइम पर आधारित चार फिल्में बनाईं - बाजी, जाल, बाज और सैलाब।

### न्वार मूवमेंट का हिस्सा मानी गई बाजी

यह वही दौर था जब देश में क्राइम स्टोरीज को लेकर एक खास किस्म की उत्सुकता का वातावरण था। अपराध कथाओं पर आधारित उपन्यास खूब बिक रहे थे। उधर हॉलीवुड में फिल्म न्वार मूवमेंट शुरू हो चुका था। इस तरह की फिल्मों का नायक कुटिल भी होता था, उसका कैरेक्टर संदेहास्पद होता था लेकिन जो दिखता था वो उससे अलग होता था। इन फिल्मों में ब्लैक एंड व्हाइट फ्रेम का यूज होता था। फ्लेशबैक और वायस ओवर के साथ नैरेशन इस तरह की फिल्मों में एक अलग ही तरह का प्रभाव पैदा करता था। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के वैश्विक परिदृश्य में इस तरह की फिल्में बननी शुरु हुई थी। हिंदी फिल्मों की दुनिया पर भी इसका असर दिखा। गुरुदत्त की फिल्म 'बाजी' को भी न्वार मूवमेंट का हिस्सा माना गया।

### प्रेम कथाओं के समांतर एक अपराध कथा

डा. रजनी के पिता को ये मंजूर नहीं था। बदलते घटनाक्रम में रजनी का एक पुलिस इंस्पेक्टर से विवाह हो जाता है। बहन के इलाज के लिए पैसों की जरूरत मदन को लीना के पास ले जाती है। लीना से मिलकर वो उसके बॉस के लिए काम करने की हामी भर देता है। दोनों एक-दूसरे से अपना सुख-दुख बतियाते हैं। कहानी आगे बढ़ती है और एक दिन लीना की हत्या हो जाती है। जिस रिवाल्वर से उसकी हत्या होती है उसपर मदन की अंगुलियों के निशान पाए जाते हैं। 'बाजी' की कहानी बेहद कसावट के साथ घटनाओं में पिरोई गई है। दो छोटी प्रेम कथाओं के समांतर एक अपराध कथा चलती है जो दर्शकों को बांधे रखती है। गुरुदत्त प्रेम और अपराध का ऐसा कॉकटेल बनाते हैं जिसमें दर्शक बंधे रहते हैं। गुरुदत्त शताब्दी वर्ष में एक बार फिर से गुरुदत्त की उन फिल्मों पर भी चर्चा होनी चाहिए जो विश्लेषक और फिल्म इतिहासकारों की दृष्टि से ओझल हैं। 75 साल पहले बनी फिल्म 'बाजी' उनमें से एक है।

### रोंगटे खड़े करने वाली है कहानी

फिल्म की कहानी बहुत अलग नहीं थी। फिल्म का नायक मदन (देव आनंद) एक संपन्न परिवार से आता है लेकिन परिस्थितियों के कारण जीवनयापन कठिन हो जाता है। वो छोटी बहन मंजू (रूपा वर्मन) के साथ रहता है। रोजगार की तलाश में भटकते-भटकते जुआ खेलने लगता है। एक दिन एक होटल में उसकी भेंट डांसर लीना (गीता बाली) से होती है। लोग लीना की अदाओं के दीवाने हैं। मदन को अपने होटल में देख लीना उसको अपने बॉस के लिए काम करने का ऑफर देती है। मदन के अंदर बची-खुची नैतिकता उसको ऐसा करने से रोक देती है। वो लीना के ऑफर को ठुकरा कर घर लौट आता है। अपनी बहन के इलाज के लिए वो डा. रजनी (कल्पना कार्तिक) से मिलता है और दोनों में नजदीकियां बढ़ जाती हैं।